
अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दु:ख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र...

**माँ महागौरी: श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नम:**

# नवारंभ संस्कार में रेत पर उकेरे अक्षर, बाल वाटिका में प्रवेश

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद के 641 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में 'नवारंभ उत्सव' के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2026-27 में 3-4 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का बाल वाटिका में और जो बच्चे 6 वर्ष के हो चुके हैं, उन्हें औपचारिक शिक्षा की प्रथम कक्षा में प्रवेश के लिए विशेष दिवस के रूप में नवारंभ उत्सव आयोजित किया गया। इस मौके पर बच्चों ने रेत पर अक्षर उकेरे।

बुधवार को प्राथमिक विद्यालय जलालपुर सरवन स्थित बाल वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने नव प्रवेशी बच्चों का माल्यार्पण किया। साथ ही रेत पर बच्चों से लिखवा कर उनका नवारंभ संस्कार किया।



प्राथमिक विद्यालय रिजगिर के कोलोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्र में नवारंभ उत्सव में रेत पर लिखते बच्चे। अमृत विचार

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित अभिभावकों-शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शीघ्र ही को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में ईसीसी (अरली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन) एजुकेटर नियुक्त किए जाएंगे जिसके परिणाम स्वरूप आंगनबाड़ी केंद्रों मे 5 से 6 वर्ग के बच्चों की शिक्षा व्यवस्था अच्छी हो जाएगी।

अवगत कराया कि शीघ्र ही आंगनबाड़ी केंद्रों को फर्नीचर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। इसके बाद उन्होंने बच्चों को उपहार स्वरूप स्टेशनरी एवं खिलौने भी वितरित किए।



माल्यार्पण के बाद नव प्रवेशी बच्चों के साथ बीएसए संदीप कुमार। अमृत विचार

नोडल एसआरजी अमित कुमार मिश्रा ने नवारंभ कार्यक्रम के विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर एसआरजी संजीव कटियार, विद्यालय की प्रधानाध्यापक सुमन देवी एवं सहायक अध्यापक शिल्पी यादव, अखंड आनंद, शिक्षामित्र संदीप कुमार तिवारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री मैना आदि उपस्थित रहे।



नवारंभ उत्सव के दौरान बाल वाटिका प्राथमिक विद्यालय जयसिंहपुरवा के बच्चे।

### बाल वाटिकाओं में सुनिश्चित करें नामांकन:बीईओ

**गुरसहायगंज।** बाल वाटिकाओं में अधिक से अधिक नामांकन करने के लिए 94 बाल वाटिका केंद्रों पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों का नामांकन करने के लिए बीईओ ने अभिभावकों को प्रेरित किया। बुधवार को नवारंभ संस्कार में 3 से 4 वर्ष के बच्चों का नामांकन बाल वाटिका में किया गया और खेल सामग्री का वितरण किया गया। बाईओ रमेश चंद्र चौधरी ने बताया कि 4 बाल वाटिका केंद्रों पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों का नामांकन अधिक से अधिक हो इसके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान एआरपी ऋषि अग्निहोत्री, ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी आदि लोग रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सन्मार्ग संस्था का विशाल भंडारा कल

**कन्नौज।** श्रीराम नवमी के शुभ अवसर पर 27 मार्च को शहर की सबसे बड़ी संस्था सन्मार्ग की ओर से विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। यह भण्डारा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम 27 मार्च को दोपहर 12 बजे शहर के सिद्धपीठ माता सिंहवाहिनी मंदिर परिसर में किया जायेगा। जानकारी देते हुए सन्मार्ग संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह भण्डारा प्रति वर्ष मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों धर्म, सेवा, करुणा एवं सद्भाव को आत्मसात करते हुए यह आयेजन जन सेवा एवं सामाजिक समरसता के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### एक साल बाद पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई

**सौरिख।** एक वर्ष बाद पति ने थाने में पत्नी की गुमशुदगी का प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थाना क्षेत्र के सलेमपुर नगरिया गांव निवासी सुरेश जाटव पुत्र स्व. राजाराम ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया, 10 अप्रैल 2025 को शाम लगभग 4 बजे पत्नी लक्ष्मी (35) घर से बिना बताए कहीं चली गई तबसे अब तक नहीं लौटकर आई। काफी खोजबीन की। नाते रिश्तेदारियों में जानकारी की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने पति की तहरीर पर पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी

### एटीएम कार्ड बदल कर खाते से उड़ाए 25 हजार

**तिर्वा।** उचक्के ने एटीएम कार्ड बदलकर एक व्यक्ति के खाते से 25 हजार रुपये पार कर दिए। ग्राम मच्छिया निवासी गौरव बुधवार को दिन तिर्वा के प्लाजा मार्केट में बने एसबीआई के एटीएम से रुपये निकालने गया था। उस समय एटीएम बूथ में दो लोग पहले से मौजूद थे। उसे देखकर उनमें से किसी एक ने पहले गौरव को रुपये निकालने को कहा। गौरव ने रुपये निकालने के लिए अपने एटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर वहीं रख दिया तथा पैसे गिनने लगा। इसी बीच एटीएम बूथ में मौजूद व्यक्ति ने उसका एटीएम कार्ड बदल कर उसी स्थान पर अपना फर्जी एटीएम कार्ड रख दिया और नौ दो ग्यारह हो गया। कुछ देर बाद पीड़ित के एटीएम कार्ड से एक हजार, दो बार 10 हजार रुपये तथा फिर 4700 रुपये निकालने का मैसेज मिला तो उसके होश उड़ गए।

### लाखों रुपये लेकर घर से भागी किशोरी

**सौरिख।** क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया 24 मार्च की सुबह समय लगभग 11 बजे उसकी पुत्री (17) किसी से फोन पर बात कर रही थी जिसको लेकर पत्नी ने डांट फटकार दिया। इससे वह नाराज हो गई और 25 मार्च की सुबह लगभग 3 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई और अलमारी में रखे रुपये भी साथ ले गई।

### गाली देने से मना करने पर पीटा, घायल

**सौरिख।** गुवरिया निवासी हाल निवासी माझपाटी रामचंद्र जाटव ने बताया कि 24 मार्च की शाम गुवरिया गांव गया था। तभी वहां मौजूद कुछ लोग पुत्र को गाली देने लगे ।मना किया उसे सभी लोगों ने मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# छापे से बेअसर दलाल लगाते रहे एआरटीओ दफ्तर के चक्कर

## पूर्व की तरह फाइलें लेकर बाबुओं के पास खड़े दिखे, बस गिरे रहे शटर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** एआरटीओ कार्यालय में एक दिन पहले पड़े अधिकारियों के छापे का कोई खास असर नहीं दिखाई दिया। कार्यालय में एआरटीओ की मौजूदगी में भी दलाल फाइलें लेकर दफ्तर में चक्कर काटते नजर आये। कुछ जानकार लोग काउंटर पर लाइन लगा कर काम कराते दिखे पर उनको बाबू नियम कानून का पाठ पढ़ाते नजर आये।

एआरटीओ कार्यालय कहीं का भी हो दलालों का वर्चस्व रहता है। लोग भी जल्दी काम कराने के लिए इनका सहारा लेते और चढ़ावा चढ़ा देते हैं। इससे कन्नौज का कार्यालय भी अछूता नहीं। इसी तरह की शिकायतें जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के अलावा शासन तक भी पहुंचीं। इसके बाद जिलाधिकारी ने मंगलवार को एसडीएम, सीओ व अन्य अधिकारियों की टीम भेजकर एआरटीओ कार्यालय में छापे की कार्रवाई कराई थी। इस दौरान भगदड़ तो मची पर दूसरे दिन छापे का इन दलालों पर कोई असर नहीं दिखा। बुधवार को जब अमृत विचार संवाददाता दोपहर के समय पहुंचा तो एआरटीओ अपने केबिन में मौजूद थीं। बाबुओं के काउंटर पर काम से आये लोगों की कतार लगी थी। इसमें कुछ दलाल भी फाइलें लेकर लगे थे। जैसे ही संवाददाता ने मोबाइल निकाल कर फोटो करने का प्रयास किया तो दलाल लाइन से निकल कर दूर भाग गये। कुछ दलालों ने बताया कि बाबू खुद बिना रुपये लिये काम नहीं करते तो क्या करें? इसीलिये लोगों को दलालों के माध्यम से काम कराना पड़ता है। बताया गया कि बाबू बाहरी व्यक्ति के फाइल लेकर पहुंचने पर किसी न किसी तरह का फाल्ट निकाल कर संबंधित को कई दिनों तक कार्यालय के चक्कर कटवा देते हैं। इसीलिये वह दलालों के पास आते और मुहमागा पैसा खर्च करते। दलाल भी बाबू को पैसे देते और फाइल में कुछ कमी होने के बाद भी काम कगर देते हैं। इस तरह से काम से आवने वाले व्यक्ति, दलाल व बाबू का भला हो जाता है।



एआरटीओ कार्यालय में बाबू के काउंटर पर लगी काम से आये लोगों की कतार।



एसडीएम, सीओ के छापे के बाद बुधवार को बंद दलालों के कार्यालय के शटर।

### दलालों की दुकानों के गिरे रहे शटर

**कन्नौज।** अधिकारियों के छापे का असर दलालों पर बस इतना दिखा कि उन्होंने अपनी दुकानें नहीं खोलीं। इससे फोटोकापी व ऑनलाइन आवेदन कराने के लिये आये लोगों को दिक्कत हुई। दलाल काम के संबंध में आने वाले लोगों से दुकान में न मिल कर दायें बायें मिलते और फाइल के अलावा काम के रुपये लेकर फाइल को बाबू के सामने रखते रहे। बाबू उनके काम को वरीयता के आधार पर करते दिखे।

# लाभ लेने को सौतन बनने को राजी हुई युवती !

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दो बच्चों के पिता से शादी को किया ऑनलाइन आवेदन
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में पकड़ा गया मामला

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक लाख रुपये का लाभ लेने के लिए युवती ने एक रिश्तेदार जो दो बच्चों का पिता है से शादी करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया। उसे सौतन बनने में भी कोई गुरेज नहीं हुआ। अब तो पता चला है कि डीएम आवास के एक कर्मचारी के मोबाइल से आवेदन किया गया था। अफसरों का दावा है कि मंडप पर जोड़ा शादी के लिए नहीं बैठा और न ही उसे कोई लाभ दिया गया। मामले की जांच शुरू हो गई है।

पीएसएम पीजी कॉलेज में 23 मार्च को सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। इसमें विकास खंड जलालाबाद क्षेत्र के फतेहपुर जसोदा की एक युवती ने लाभ लेने के लिए आवेदन किया। आवेदन में तिर्वा कस्बा निवासी एक युवक को वर बनाने का जिक्र किया। एक व्यक्ति ने शिकायत कर दी कि जिस युवक से शादी होने जा रही है वह दो बच्चों का पिता है। उसकी पत्नी भी हैचर्चा है कि युवती व युवक ने 60 हजार रुपये, 25 हजार रुपये की सामग्री के लिए ऐसा किया है। सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने बताया कि आरोपी पक्ष को किसी तरह का लाभ या सामग्री नहीं दिया गया है। समाज कल्याण विभाग की ओर से लाभ लड़की को दिया जाता है, वर पक्ष की जांच नहीं होती है। लड़की का ब्याह नहीं हुआ है। यहां बता दें कि जानकारी दी जा रही थी कि कथित दूल्हे की पत्नी की मौत हो चुकी लेकिन अब पता चला है कि पत्नी जिंदा है।मामले की जांच की जा रही है।

### रास्ते में गूंज उठी किलकारी, एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव :

**सौरिख।** बहादुरपुर निवासी प्रमोद की पत्नी को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आशा ज्ञान श्री ने तुरंत इमरजेंसी सेवा 102 एंबुलेंस को कॉल किया। एंबुलेंस से मरीज को अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में ही महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया।





# संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लापरवाही अक्षम्य : मनोज दुबे

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** नगर पालिका के सभागार में आयोजित बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर पालिकाध्यक्ष ने कर्मचारियों को आगाह किया कि इसमें कोई भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। उन्होंने मच्छर प्रबंधन, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, नालियों की साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, इंडिया मार्का हैंडपंपों की मरम्मत, चबूतरों की मरम्मत, सूअर वाड़ा में फॉगिंग, सूअरों को बांधकर रखना, टूटी नालियों की मरम्मत आदि विषयों पर बात की। सख्त हिदायत दी कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। जिन स्थानों पर पानी जमा या झाड़ियां उग आई हैं, वहां समय से पहले ही सफाई व कटान का कार्य पूरा कर लिया जाए।

# दुकान के बेसमेंट में गिरकर युवक की मौत

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** देर रात कस्बे में एक युवक की बेसमेंट में गिरने से मौत हो गई। बताया गया कि दोस्तों के साथ शराब पार्टी चल रही थी। इस दौरान ही घटना हुई।

मंगलवार की देर रात कस्बा स्थित माता अन्नपूर्णा बाजार के देशी शराब ठेके के पास अनंतराम की किराए की दुकान के अंदर जयसिंह पुरवा निवासी अनुज कुमार (26) पुत्र स्व. भजन लाल अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। बताया गया कि इसी दौरान वह गिलास को खिड़की के बाहर फेंकने के लिए जा रहा था। उसी समय वह असंतुलित होकर दुकान के बेसमेंट में गिर गया। दोस्तों ने उसके सिर में लगी चोट में मलहम पट्टी कराकर घर भेज दिया। रात को करीब दस बजे अनुज की उल्टी हुई जिसमें खून आ गया। परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज आए जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। बुधवार को सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक गुलाब केशकर ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। लोगों में चर्चा है कि शराब की पार्टी चल रही थी। इसी दौरान हादसा हो गया।





**सीडीओ बिफरे** | जिला पोषण समिति की बैठक, अन्नप्राशन, गोदभराई में उमर्दा एवं सौरिख की प्रगति खराब

# नवजातों की पोर्टल फीडिंग में जलालाबाद फिसड्डी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला पोषण समिति की बैठक में शून्य से छह माह तक के बच्चों की पोर्टल फीडिंग में जलालाबाद की प्रगति खराब होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जताई। इसी तरह से अन्न प्राशन, गोदभराई में उमर्दा व सौरिख ब्लाकों की प्रगति खराब पाई गई। इस पर सुधार न होने के दशा में संबंधितों की जिम्मेदारी तय करने की चेतावनी दी।

मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान प्रेरणा एप पर निरीक्षण की प्रगति को और तेज करने तथा आरबीएसके टीम को भ्रमण कार्यक्रम को सुदृढ़ करते हुए नियमित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही, होम विजिट को पूरी गंभीरता से करने पर भी बल दिया। मोबाइल नंबर सत्यापन में 450 लाभार्थियों के लंबित पाए जाने पर असंतोष व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त, धात्री महिलाओं एवं शून्य से छह माह तक के बच्चों की पोर्टल फीडिंग में जलालाबाद ब्लॉक की प्रगति अत्यंत खराब पाए जाने पर नाराजगी जताई। अन्नप्राशन, गोदभराई तथा वीएचएसएनडी सत्रों में उमर्दा एवं सौरिख ब्लॉकों की प्रगति खराब मिली। संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि 90 प्रतिशत से कम प्रगति वाले सभी ब्लॉक तत्काल कार्य गति में सुधार लाएं, अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही 1009 ऐसे बच्चे जिनका वजन अब तक दर्ज नहीं हो पाया है का शत-प्रतिशत वजन दर्ज करने के निर्देश भी दिए। बैठक में डीसी मनरेगा दिनेश यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक लेते सीडीओ रामकृपाल चौधरी।

### 77 आंगनवाड़ी केंद्रों पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग

**कन्नौज।** सीडीओ ने बताया कि जनपद के 77 आंगनवाड़ी केंद्रों पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग एवं 48 आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका तथा 78 केंद्रों पर बाल वाटिका और 33 केंद्रों पर कैंट वाटर व 78 आंगनवाड़ी केंद्रों पर एलईडी लाइट की स्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अब आंगनवाड़ी केंद्र न केवल सुसज्जित एवं सुशोभित होंगे, बल्कि उनकी उपयोगिता और आकर्षण भी बढ़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एक नामजद सहित अज्ञात पर मुकदमा

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गेसिंहपुर गांव में सोमवार रात एक युवक की सोते समय हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता ने इस मामले में बुधवार को एक नामजद सहित अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गेसिंहपुर निवासी रामनिवास ने बताया कि उनका 32 वर्षीय बेटा लखन मकान के पीछे तालाब किनारे खुली जगह में चारपाई पर सो रहा था। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे रामनिवास की बेटी आरती ने लखन को खून से लथपथ मृत अवस्था में पाया। रामनिवास ने पुलिस को बताया कि उन्हें गांव के ही नितुल पाल और उसके अज्ञात साथी पर पुरानी रंजिश के चलते धारदार हथियार से लखन के गले पर वार कर हत्या करने का शक है। पुलिस ने बुधवार को रामनिवास की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। छानबीन के दौरान, पुलिस को मृतक की चारपाई से करीब 20 मीटर दूर गली में एक सफेद अंगोछा और चप्पल मिली, जिन्हें कब्जे में ले लिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

### मारपीट, चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के भरका गांव में उधार के 130 रुपये मांगने पर एक दुकानदार और उसके पुत्र के साथ चार लोगों ने मारपीट की। इस घटना में पिता-पुत्र घायल हो गए। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भरका गांव निवासी हीरसिंह और उनके पुत्र कुणाल ने बताया कि वे गांव में परचून की दुकान चलाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के ही संजय, सुशील और उनके परिवार की दो महिलाओं से दुकान के 130 रुपये उधार मांगे थे। इस पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पिता-पुत्र के साथ मारपीट की। मारपीट में हीरसिंह और कुणाल घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। राजेपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीडित की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### रामनवमी पर दो दिन की छुट्टी

**कन्नौज।** शासन की ओर से पूर्व से घोषित 26 मार्च रामनवमी की छुट्टी एक और दिन बढ़ा दी गई है। अब सरकारी, गैरसरकारी स्कूलों समेत सभी संस्थान व बैंक आदि 27 मार्च को भी बंद रहेंगे।

### मेहनत से मनुष्य को मिलती सफलता

**गुरसहायगंज।** मेहनत और संतोष से किए गए कार्य में मनुष्य को निश्चित ही सफलता मिलती है। इसलिए संकट के समय मनुष्य को धैर्य और ईश्वर में आस्था रख कर कार्य करना चाहिए। यह बात कथा वाचिका रश्मि यादव ने कही। ब्लाक तालग्राम के ग्राम सदरपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथावाचिका ने कहा कि जीवन में यदि संघर्ष नहीं है तो व्यक्ति जीवन के बारे में नहीं जान पाता है। जीवन में संघर्ष के लिए ईश्वर का धन्यवाद करते हुए उसे बड़े ही धैर्य पूर्वक रहकर अपने कार्य करने चाहिए। धरती पर मानव का सभी जीवों पर दया का भाव होना चाहिए। यदि व्यक्ति के अंदर दया भाव नहीं है तो वह मनुष्य कहलाने के लायक नहीं है। क्योंकि मनुष्य सबसे श्रेष्ठ है। इस मौके पर जयवीर सिंह, उदयवीर सिंह, मनोज सिंह, बिल्लू यादव, मुकेश यादव, कुलपति यादव, अंश यादव, शिव यादव, टिल्लू यादव सहित महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

### टी सीरीज पर छाया सुशांतश्री का 'राम श्री राम'

**छिबरामऊ।** स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने वाले 'छिबरामऊ महोत्सव' ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव के पहले 'सिंगिंग स्टार' विजेता सुशांत श्री का नया भक्ति गीत "राम श्री राम" देश की प्रतिष्ठित संगीत कंपनी टी सीरीज द्वारा आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया है। महोत्सव के संस्थापक गौरव त्रिपाठी ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा यह उपलब्धि सुशांत की मेहनत और हमारे क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान का प्रमाण है। इससे पूर्व प्रशंसा वर्मा टी-सीरीज की एकेडमी का हिस्सा रही हैं लेकिन सुशांत का गाना सीधे लॉन्च होना एक विशेष उपलब्धि है। इस अवसर पर महोत्सव की अध्यक्ष इंदिरा दुबे, संजीव चौहान समेत बड़ीसंख्या में लोग मौजूद रहे।

# तंबाकू गोदाम से लौटते समय ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की मौत

## घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया, जबकि चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कायमगंज क्षेत्र में जुगाड़ गाड़ी और आलू से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया, जबकि चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया।



राजेश।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव प्रेम नगर निवासी राजेश कोरी पुत्र हरपाल मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। सोमवार को वह अपने अन्य साथियों के साथ काम खत्म कर जुगाड़ गाड़ी पर सवार होकर घर लौट रहा था।



मृतक के रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

जैसे ही जुगाड़ गाड़ी कंपिल-कायमगंज मार्ग पर पहुंची, उसी दौरान पीछे से आ रहे आलू से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। ओवरटेक के दौरान चालक संतुलन खो बैठा और ट्रैक्टर-ट्रॉली की जोरदार टक्कर जुगाड़ गाड़ी से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि जुगाड़ गाड़ी पर बैठे राजेश कोरी गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से किशोरी की मौत: फर्रुखाबाद।** तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर लगने से 16 वर्षीय किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, जनपद हरदोई के थाना शाहाबाद क्षेत्र के गांव करीमनगर निवासी 16 वर्षीय नैंसी पुत्री सोनपाल राजपूत अपने बहनोई सुधीर निवासी गलारपुर थाना अमृतपुर के यहां घूमने आई थी। बताया जा रहा है कि बहनोई सुधीर उसे बाइक से वापस उसके घर छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान जब वे हुल्लापुर मोड़ के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार आ रही एक पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे किशोरी नैंसी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।.जांच की जा रही है।

# अनुराग अग्रवाल बने व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष, जूही को महिला संगठन की कमान

संवाददाता फर्रुखाबाद



उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मिथलेश अग्रवाल का सम्मान करते लोग।

- जिला उद्योग व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन
- नगर के अग्रवाल सभा भवन नंबर एक में हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** नगर के अग्रवाल सभा भवन नंबर एक में जिला भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश महिला चेयरमैन डॉ. मिथिलेश अग्रवाल उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर संगठन का विस्तार किया गया। संगठन विस्तार के क्रम में मंडल अध्यक्ष कानपुर मंडल के पद पर अनुराग, प्रकाश अग्रवाल के नाम की घोषणा की गई। मोहित बागड़ी को विधानसभा प्रभारी बनाया गया।

वहीं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष के पद पर जूही शुक्ला का नाम घोषित किया गया।इसके साथ-साथ श्रीमती पूजा सक्सेना को जिला महामंत्री, श्रीमती पूनम मौर्या को जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती मंजू तोमर को मंत्री, रत्नेश मिश्रा को मंत्री, शिल्पी रस्तोगी, सुनीता अग्निहोत्री को भी संगठन मंत्री का पद दिया गया। नगर युवा अध्यक्ष अमन जैन को बनाया गया व महामंत्री अमित गुप्ता को घोषित किया गया।

इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारी की घोषणा की जिसमें जिला उपाध्यक्ष पद पर संकल्प रस्तोगी व रवि श्रीवास्तव के नाम की घोषणा की गई। जिला मंत्री पद पर शुभम शाक्य ,रजत यादव, अमित यादव के नाम की घोषणा की गई। सभी मनोनीत पदाधिकारियों को श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल व अन्य पदाधिकारी ने सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाअध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री, जिला अध्यक्ष सर्वेश अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, संदेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारीजन मौजूद रहे।

# हादसे में मृत किसान का शव रातभर सड़क पर पड़ा रहा

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कंपिल थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे ने मानवता को झकझोर कर रख दिया। अज्ञात जीप की टक्कर से एक किसान की मौत हो गई और हैरानी की बात यह रही कि मृतक का शव पूरी रात सड़क पर पड़ा रहा। सुबह जब राहगीरों की नजर शव पर पड़ी तो इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, थाना कंपिल क्षेत्र के गांव न्यूनेहरा निवासी 35 वर्षीय अवनीश पुत्र राजबहादुर खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह बाइक पर सवार होकर कंपिल बाजार मक्के के बीज लेने जा रहा था। इसी दौरान एकलहरा रोड पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार जीप ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अवनीश की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया और घायल किसान सड़क पर ही पड़ा रह गया। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह रही कि पूरी रात शव सड़क पर ही पड़ा रहा और किसी की नजर उस पर नहीं पड़ी। सुबह जब राहगीर उधर से गुजरे तो उन्होंने सड़क किनारे शव देखा और तुरंत इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मृतक के भाई अवधेश सहित परिजन मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात जीप चालक की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावक और शिक्षक संगोष्ठी हुई सम्पन्न

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सीपी इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को अभिभावक-शिक्षक मिलन संगोष्ठी एवं विद्यार्थियों के अंक पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रगति से अभिभावकों को अवगत कराना रहा।

इस अवसर पर उपनिदेशक श्रीमती अंजू राजे एवं प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। साथ ही तीन अभिभावकों को भी उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में अभिभावकों एवं शिक्षकों की संयुक्त भूमिका महत्वपूर्ण है। मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती ज्योत्सना अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सही दिशा एवं अवसर देने पर बल दिया। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अनुशासन एवं संस्कारों का विकास भी है। कार्यक्रम का समापन आभार ज्ञापन के साथ हुआ।



छात्र व अभिभावक को सम्मानित करते प्रधानाचार्य संजय बिष्ट व अन्य। अमृत विचार

- विद्यार्थियों के अंक पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन

# बिना मंडी शुल्क तंबाकू ले जा रही पिकअप पकड़ी, जुर्माना

संवाददाता कायमगंज

- कार्रवाई करते हुए 18,480 रुपये का जुर्माना वसूला गया

**अमृत विचार।** कायमगंज क्षेत्र में मंडी समिति ने अवैध कृषि उत्पाद परिवहन के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को मंडी सचिव ने चेकिंग के दौरान बिना मंडी शुल्क चुकाए ले जाई जा रही तंबाकू से लदी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा। इस मामले में विभागीय कार्रवाई करते हुए 18,480 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

मंडी सचिव शैलेंद्र वर्मा अपनी टीम के साथ बुधवार को क्षेत्र में गश्त पर थे। कंपिल-अटैना मार्ग पर बदायूं सीमा की ओर से आ रही एक संदिग्ध पिकअप गाड़ी को टीम ने घेराबंदी कर रोका। तलाशी लेने पर वाहन में तंबाकू के बोरे भरे मिले। टीम ने चालक ब्रजभान से माल के वैध दस्तावेज और मंडी शुल्क भुगतान की रसीद मांगी। चालक कोई भी आवश्यक प्रपत्र पेश नहीं कर सका और न ही संतोषजनक जवाब दे पाया। नियमों के उल्लंघन के आरोप में सचिव ने वाहन को तत्काल कब्जे में ले लिया और उसे नवीन मंडी स्थल भिजवा दिया।

मंडी सचिव शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि पकड़ी गई तंबाकू पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए चालक का चालान किया गया। जुर्माने और मंडी शुल्क के तौर पर कुल 18,480 रुपये की धनराशि जमा कराई गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना मंडी शुल्क चुकाए माल ले जाने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मृदा परीक्षण अवश्य कराएं किसान

**गुरसहायगंज।** ब्लाक तालग्राम के बी पैक्स मलिकपुर में कृभको की ओर से बुधवार को सहकारी शिक्षा सम्मलेन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि अंशुमान यादव क्षेत्रीय प्रबंधक कृभको कानपुर मंडल ने कहा कि सभी किसान मृदा परीक्षण जरूर कराएं।

क्षेत्रीय प्रबंधक ने कृभको के विभिन्न उत्पादों तरल जैव उर्वरक, जिंक सल्फेट, सिटी कम्पोस्ट, सिवारिका एवं राइजोसुपर आदि के बारे में उनके प्रयोग करने की विधि, प्रयोग के समय सावधानियां एवं लाभ बताए। उन्होंने किसानों को रसायनिक उर्वरकों का प्रयोग मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर करने को जागरूक किया कृषि लागत को कम करने के विभिन्न उपायों के बारे में बताया । इस दौरान हवलदार सिंह, अध्यक्ष बी पैक्स मलिकपुर, वीरेश कुमार, सचिव बी पैक्स सिकन्दरपुर, धनंजय सिंह सचिव बी पैक्स मलिकपुर, उपस्थित रहे

# 116 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ



नव दंपति पर पुष्प वर्षा करते अधिकारी व जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

**गुरसहायगंज ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में 116 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ जीवन भर के लिए थामा। मुख्य अतिथि नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि भाजपा सरकार में इस योजना से गरीब परिवारों की बेटियों की शादी का जिम्मा स्वयं ले लिया है।

बुधवार को ग्राम सराय प्रयाग स्थित विमला देवी ब्रज मोहन सिंह इंटर कालेज में गुरुवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में 105 जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज से विवाह कराया गया। जबकि 11 मुस्लिम जोड़ों का निकाह कबूल कराया गया। सभी नव विवहित जोड़ों को मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री शैलेंद्र कुमार द्विवेदी ने आशीर्वाद दिया। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर क्विज़

**तिर्वा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बुधवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा इंटर-बैच मेडिकल क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

क्विज़ विश्व स्वास्थ्य संगठन की इस वर्ष की थीम पर आधारित रही, जिसमें छात्रों ने महामारी विज्ञान, वैश्विक स्वास्थ्य नीतियों और स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य से जुड़े जटिल सवालों के जवाब देकर अपनी समझ और कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कई चरणों में हुए मुकाबले के बाद आयुषी, जेसिका और चेरी की टीम विजेता बनी। विजेता टीम ने निवारक चिकित्सा की गहरी समझ और त्वरित निर्णय क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सीपी. पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

# जयंती पर सम्राट अशोक की भव्य शोभायात्रा निकली

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती पर क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

बुधवार को हुकम सिंह शाक्य प्रधान, रतनपुर एवं अध्यक्ष के नेतृत्व में शोभायात्रा का शुभारंभ सिकंदरपुर इंटर कॉलेज ग्राउंड से हुआ। यात्रा में हजारों पुरुषों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा का मुख्य आकर्षण दोपहिया वाहन, चार पहिया वाहन और ट्रैक्टरों पर सजी भव्य झांकियां रहीं। 'गौतम बुद्ध' के संदेशों वाली झांकियों के साथ यह यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार, बडेपुर पहुंची।



सम्राट अशोक महान की शोभा यात्रा में उमड़ी भीड़। अमृत विचार

बुद्ध विहार पहुंचने पर तीर्थराज बौद्ध प्रबंधक/सचिव, गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट, बडेपुर के नेतृत्व में यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। तीर्थराज ने हुकम सिंह और शैलेंद्र कुमार शाक्य प्रधान, सलेमपुर को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. अनिल कुमार शाक्य, शिवम कुमार शाक्य, डॉ. मनोज कुमार शाक्य,सतीश चंद्र शाक्य, रवि कुमार, संतोष प्रिय बौद्ध, राज रतन बौद्ध,देवकीनंदन, रामवीर, यस सिंह, प्रियांशु शाक्य, अश्वजीत, मिथुन शाक्य, बृजेश कुमार, अंशुल कुमार, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** | महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर पुलिस लाइन में हुआ कार्यक्रम, स्कूटी रैली

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बताए मिशन शक्ति के उद्देश्य

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) पर पुलिस लाइन्स में विशेष जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक करते हुए मिशन शक्ति के उद्देश्य भ बताए गए। बाद में जन जागरुकता के लिये स्कूटी रैली निकाली गई।



पुलिस लाइन में महिला सुरक्षा पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी, जन प्रतिनिधि व महिलाएं। अमृत विचार

बुधवरा को आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने हेतु प्रेरित किया गया। उपस्थित महिलाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बाद में महिला पुलिसकर्मियों व शिक्षिकों ने स्कूटी रैली निकाली। रैली को अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली पुलिस लाइन्स से प्रारम्भ होकर कोतवाली कन्नौज, मुख्य बाजार, लाखन तिराहा, फूलमती मंदिर, मकरंद नगर, तिर्वा क्रॉसिंग, गैस गोदाम रोड एवं गोल कुआँ होते हुए लगभग 15 किलोमीटर की दूरी तय कर पुनः पुलिस लाइन्स में संपन्न हुई। रैली में लगभग 200 महिला पुलिसकर्मियों, शिक्षिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी एवं अन्य महिलाओं ने प्रतिभाग किया। रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उनमें सुरक्षा एवं आत्मविश्वास की भावना को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर एएसपी अजय कुमार, सीडीओ, सीओ आदि अधिकारी रहे।

# डंपर ने हाईटेंशन पोल में मारी टक्कर, कई घरों के उपकरण जले

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** तालग्राम क्षेत्र के कुशलपुरवा गांव में एक तेज रफ्तार डंपर ने हाईटेंशन बिजली के खंभे को टक्कर मार दी, जिससे खंभा टूट गया। करीब 10 घरों में हाईटेंशन करंट दौड़ गया और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए।

मंगलवार की रात कुशलपुर्वा गांव से एक एक डंपर तेज रफ्तार निकला। उसने सड़क के किनारे लगे हाईटेशन बिजली के पोल में टक्कर मारदी। इससे पोल टूट गया। आपस में तार टकराने से घरों में लगे उपकरण जलने लगे। लोगों के घरों में लगे टीवी, पंखे, कूलर और फ्रिज सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नष्ट हो गये। ग्रामीणों को इस घटना से हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी पर ग्रामीणों ने तत्काल तालग्राम पुलिस और बिजली उपकेंद्र के अधिकारियों को जानकारी दी। सूचना पर थाना प्रभारी विनय शर्मा और बिजली उपकेंद्र के अवर अभियंता अनिल यादव कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हाईटेंशन पोल तोड़ने वाले डंपर को कब्जे में ले लिया।दुर्घटना के बाद उस का चालक मौके से भाग निकला। पुलिस डंपर को थाने ले गई। ग्रामीणों ने घरों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए डंपर चालक के खिलाफ तहरीर दी है। वहीं अवर अभियंता अनिल यादव ने भी डंपर चालक के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

## न्यूज ब्रीफ

### गलत बिजली बिल भेजने पर जेई व टेक्नीशियन निलंबित

**भरथना।** कस्बा के मोहल्ला महावीर नगर निवासी चाय विक्रेता शिवपाल सिंह की गलत बिजली बिल के सदमे से हुई मौत के मामले में विभाग ने कार्रवाई करते हुए संबंधित जेई और टेक्नीशियन को निलंबित कर दिया है। इटावा के अधीक्षण अभियंता ऋषभदेव ने बताया कि जांच में जेई अजय श्रीवास्तव और टीजी-2 टेक्नीशियन विवेक बाथम दोषी पाए गए, जिन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मानवीय भूल के चलते टेक्नीशियन द्वारा मीटर रीडिंग गलत दर्ज कर दी गई थी, जिससे बिल अधिक आ गया। कार्रवाई के बाद अब पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद है।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम ब्यासपुरा में परिजनों के खेत में आलू खोदने जाने के दौरान घर में अकेली महिला ने विषाक्त पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। ग्राम व्यासपुरा निवासी ऋषि दोहरे की पत्नी दीपिका ने घर में अकेले होने पर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उस समय उसके ससुर विनोद और सास विमलेश खेतों में आलू खोदने गए हुए थे, जबकि पति ऋषि भी घर के बाहर था। जब पति घर लौटा तो उसने दीपिका को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उसे तत्काल बकेवर के 50 शैय्या अस्पताल लाया गया, जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. अजय मौर्य ने प्राथमिक उपचार किया।

### हुसैनिया हज प्रशिक्षण शिविर 30 मार्च को

**इटावा।** अंजुमन-ए-हुसैनिया कमेटी शहर इटावा की ओर से हज ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन 30 मार्च दिन सोमवार को स्वंयवर मैरिज होम में किया गया है। यह जानकारी देते हुए अंजुमन-ए-हुसैनिया कमेटी अध्यक्ष हाजी सकलैन खलील ने बताया कि हज ट्रेनिंग कैम्प में ट्रेनर अल्हाज शारिक अलवी कानपुरी, अलहाज मौलाना ज़ाहिद रज़ा व मौलाना फुरकान रज़ा हज यात्रियों को प्रशिक्षण देंगे। कैम्प में इटावा, मैनपुरी, एटा, फीरोज़ाबाद, अलीगढ़, फर्रुखाबाद, औरैया, कन्नौज, उरई, जालौन, भिण्ड, ग्वालियर, मुरैना के इस साल हज पर जाने वाले हज यात्रियों से अपील है कि वह 30 मार्च दिन सोमवार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक हुसैनिया हज ट्रेनिंग कैम्प में शामिल होकर हज यात्रा के प्रशिक्षण का लाभ उठाएं।

**2016 का मामला : कोर्ट ने दोषियों पर 31-31 हजार रुपये का लगाया जुर्माना**

# हत्या का प्रयास, हरिजन एक्ट के 11 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, इटावा



**अमृत विचार:** जमीनी विवाद में अदालत ने हत्या का प्रयास, मारपीट एवं हरिजन एक्ट के मामले में 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन पर 31-31 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन-तीन वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दोषियों में पूर्व प्रधान व उनके भाई सहित तीन पुत्र व तीन भतीजे भी शामिल हैं।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला व विशेष शासकीय अधिवक्ता रमाकांत चतुर्वेदी ने बताया कि 27 मार्च 2016 को राम किशोर निवासी जैतिया थाना वैदपुरा ग्राम पंचायत हजरतपुर में ग्राम समाज की जमीन पर उन्हें मिले पट्टों की नापतोल को लेकर आए हुए थे। वहां पर तहसीलदार व लेखपाल ने गांव के अन्य पट्टेदारों को भी बुला लिया। वहां पहले से ही मौजूद पूर्व प्रधान रामशंकर पुत्र छंगूलाल व उनके भाई सुरेंद्र, सुरेंद्र के पुत्र रामदास, श्याम प्रताप व रिंकू बाबू एवं रामशंकर के पुत्र दिनेश कुमार, सुनील कुमार व नीतेश कुमार के अलावा विकास कुमार, दशरथ, ताराचंद्र, रत्नेश कुमारी, पुष्पा कुमारी, नीतू व दीपमाला हाथों में लाठी डंडे लिए खड़े थे। उन लोगों ने राम किशोर, अनिल कुमार व उसके चाचा सत्यदेव, चाची नारायण देवी व पड़ोसी रक्षपाल सिंह पर हमला बोल दिया और तमंचों से फायरिंग कर दी। लाठी व कुल्हाड़ी से मारने लगे जिससे पांचों लोग घायल हो गए। रामशंकर के सिर व आंखों में गंभीर चोट आयी, एक आंख की रोशनी भी चली गई थी। सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर उनका इलाज चला। इस मामले में मारपीट, बलवा, हत्या के प्रयास व अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत रामकिशोर के भाई अनुज कुमार निवासी जैतिया ने 28 मार्च 2016 को मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अपनी विवेचना के बाद रामशंकर, सुरेंद्र, उनके पुत्र रामदास, श्याम प्रताप, रिंकू बाबू व रामशंकर के पुत्र दिनेश कुमार, सुनील कुमार, नीतेश कुमार, विकास कुमार, दशरथ व ताराचंद्र सभी पुत्र प्रेमशंकर निवासी ग्राम जैतिया थाना वैदपुरा के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या दो संजय कुमार चतुर्थ ने मामले में 11 लोगों को दोषी पाया और उन्हें हत्या के प्रयास व अन्य धाराओं में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### एनडीपीएस के दोषी को तीन साल की सजा

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश एन डी पी एस एक्ट सुनीता शर्मा ने ग्यारह साल पुराने एन डी पी एस एक्ट के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर उसे तीन साल की सजा व दस हजार के अर्थदंड से दंडित किया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता योगेंद्र परिहार ने बताया कि सिविल लाइन थाने में तैनात दारोगा राम बाबू ने गस्त के दौरान 25 जुलाई 2015 पोस्ट मार्टम हाउस के पास से गौरव राजपूत निवासी आजाद नगर टीला को गिरफ्तार किया था। तलाशी में उसके पास से स्मैक बरामद हुई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भी दिया। बाद में उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई के दौरान साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने उसे दोषी पाया और तीन साल की सजा सुनाई व दस हजार का जुर्माना लगाया।

### बैंकों का कम है सीडी रेशियो, तत्काल सुधार किया जाए

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकों के सीडी रेशियो की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान बताया कि सरकारी बैंकों का सीडी रेशियो 44.70, निजी बैंकों का 95.56 तथा वाणिज्यिक बैंकों का सीडी रेशियो 52.32 प्रतिशत है, कुल सीडी रेशियों 52.04 है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेशियो कम है, उनमें तत्काल सुधार किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब जनपद से जमा के रूप में धन लिया जा रहा है, तो उसी अनुपात में ऋण वितरण भी जनपद में किया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि धन का स्वभाव गतिशील होता है, इसे रुकना नहीं चाहिए, इसलिए अधिक से अधिक ऋण वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैंकों को निर्देशित किया कि विशेष कैंप आयोजित कर सीडी रेशियो में वृद्धि की जाए तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।



क्षय रोगियों को फल व किट वितरित करतीं जायन्ट्स सहेलियां।

# क्षय रोगियों को सामान व किट वितरित की

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मरीजों से नियमित दवा लेने का किया आह्वान

**अमृत विचार।** जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली ने क्षय रोग दिवस पर जिला क्षय चिकित्सालय में क्षय रोग से ग्रस्त मरीजों के लिए एक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया।

जायन्ट्स सहेली ग्रुप ने सभी मरीजों को फल बिस्किट एवं स्वास्थ्य संबंधित सामान की एक एक किट प्रदान की। फेडरेशन अधिकारी संगीता अग्रवाल ने बताया कि मरीजों को टीवी की बीमारी के इलाज दौरान दवा के सेवन के साथ साफ सफाई का भी ध्यान रखना चाहिए एवं दवा समय से लेना चाहिए और पूरा कोर्स होने पर ही दवा बंद करना चाहिए। बीच में इसकी दवा बंद नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर श्रीनिवास यादव ने टीवी उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया मरीज को दवा के साथ-साथ उचित पौष्टिक आहार की भी आवश्यकता होती है यदि मरीज पौष्टिक आहार लेता है तो वह जल्दी ही स्वस्थ लाभ करता है। कार्यक्रम में अंशु तिवारी, ग्रुप की अध्यक्ष विमल शर्मा, वित्त निदेशक रीना राठौर, मालती दीक्षित, मनोरमा पोरवाल, इंदिरा तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# भजन-कीर्तन व भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में माता रानी के भजन-कीर्तन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



भंडारे का प्रसाद वितरित करते प्रबंधक कैलाश यादव व अन्य। अमृत विचार

कार्यक्रम को लेकर शिक्षकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने भजन-कीर्तन का आनंदपूर्वक लाभ उठाया। शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि बच्चों को अच्छे संस्कार प्रदान करना भी है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से विद्यालय में सकारात्मक और आध्यात्मिक वातावरण बनता है, जिससे मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर इस प्रकार के आयोजन बच्चों में धार्मिक भावना और संस्कार विकसित करने का उत्तम अवसर प्रदान करते हैं। विद्यालय प्रबंधन शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। भजन-कीर्तन के पश्चात सभी के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. कैलाश चंद्र यादव, रश्मि यादव, विनीता टंडन, आनंद मित्तल, पवन त्रिवेदी, पवन यादव सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# स्पर्धा में फार्मेसी छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** सर मदन लाल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। संस्थान के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं वैज्ञानिक प्रस्तुतियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा, ज्ञान एवं शोध क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।



सर मदनलाल इंस्टिट्यूट के मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

बी.फार्म के छात्र शिखर दीक्षित ने छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा हाल ही में आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओरल प्रेजेंटेशन में तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिता में 9वीं रैंक हासिल की। उनका एआई आधारित माइक्रोबायोलॉजिकल डायग्नोसिस विषय पर शोध प्रस्तुतिकरण अत्यंत सराहनीय रहा और विशेषज्ञों द्वारा इसकी विशेष प्रशंसा की गई। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में ओरल प्रेजेंटेशन में 100 से अधिक प्रतिभागियों तथा क्विज प्रतियोगिता में 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनके बीच शिखर दीक्षित ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इसी क्रम में संस्थान की बी.फार्म छात्रा गौरी पाठक, शांभवी एवं छात्र उत्कर्ष गुप्ता ने एक्सिस इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रशंसा प्राप्त की। उनके शोध कार्यों को उपस्थित विशेषज्ञों एवं शिक्षाविदों द्वारा सराहा गया, जो उनके विषय ज्ञान एवं नवाचार क्षमता को दर्शाता है।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ.यू.एस.शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे छात्रों की यह उपलब्धि उनकी कठोर मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम है। चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने कहा कि यह सफलता न केवल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करती है बल्कि संस्थान की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं शोधपरक वातावरण को भी प्रमाणित करती है। संस्थान परिवार ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया है।



कार्यक्रम में मौजूद कन्याएं व प्रधानाचार्य गौरव बाबू दुबे। अमृत विचार

# कॉलेज में हुआ कन्या भोज का आयोजन

संवाददाता, भरथना (इटावा)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मोहल्ला मंदिर दान सहाय शुक्लागंज स्थित ज्ञान स्थली इंटर कॉलेज में बुधवार को कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छोटी-छोटी कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उनका सम्मान किया गया।

पूजा-अर्चना के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरव बाबू दुबे ने सभी कन्याओं को ससम्मान प्रसाद ग्रहण कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश, शशिकांत, संकल्प, श्रीश, त्यागी सहित अन्य गणमान्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

**कालीवाहन मंदिर पर देवी जागरण व भंडारा आज, इटावा:** सिद्धपीठ कालीवाहन मंदिर पर गुरुवार को शाम 6 बजे से विशाल देवी जागरण एवं भंडारे का आयोजन होगा। इसमें भजन गायक पंडित राम अवतार शर्मा एंड पार्टी भजन प्रस्तुत करेंगे।

### महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में समिति ने जांच रिपोर्ट सौंपी

**इटावा।** उप्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में मानसिक असमर्थ महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में जांच का अहम चरण पूरा हो गया। 9 सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। अब 28 मार्च को कार्यकारिणी परिषद की बैठक में दोषियों पर कार्रवाई का फैसला लिया जाएगा। आरोपी की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है और पीड़िता का इलाज जारी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार चिकित्सा संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ आदेश कुमार की अध्यक्षता में गठित जांच समिति ने पूरे मामले की गहराई से जांच कर सीलबंद रिपोर्ट सौंप दी है। कुलसचिव दीपक वर्मा ने बताया कि अब इस रिपोर्ट के आधार पर 28 मार्च को होने वाली कार्यकारिणी परिषद की बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। 3 घंटे तक चली बैठक में जांच रिपोर्ट के हर पहलू पर विस्तार से चर्चा हुई।

# खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकराई, युवक गंभीर घायल

संवाददाता जसवन्तनगर

- कचौरा घाट मार्ग पर सलेमपुर के पास हुआ सड़क हादसा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कचौरा घाट मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक ग्राम सलेमपुर के पास सड़क किनारे खड़ी आलू से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गयी जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार आगरा जिले के थाना चित्रहाट क्षेत्र के ग्राम रानीपुरा निवासी 23 वर्षीय अमन पुत्र पप्पू अपनी पल्सर मोटरसाइकिल से जसवंतनगर की ओर आ रहा था। जैसे ही वह सलेमपुर गांव के पास पहुंचा तभी सड़क किनारे खड़ी आलू लदी ट्रॉली से उसकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसा तेज रफ्तार और संतुलन बिगड़ने के कारण हुआ बताया जा रहा है।सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल अमन को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पहुंचाया गया जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉ. वीरेंद्र सिंह ने उसे सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

### ट्रैक्टर ने कार में मारी टक्कर, कई लोग घायल

**जसवन्तनगर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट से निकल रहे ट्रैक्टर ने क्रेटा कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के कई लोग चोटिल हो गए। थानाध्यक्ष कमल भाटी के अनुसार हाईवे पर आगरा से इटावा की ओर जाने वाली सड़क पर इटावा की तरफ जा रही एक क्रेटा कार को एक होटल के सामने विपरीत सड़क से अवैध रूप से डिवाइडर पार कर निकल रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार में सवार 45 वर्षीय संजीव कुमार पुत्र केदार सिंह, उनकी पत्नी और बच्चे समेत अन्य लोग चोटिल हो गए। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष व उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी पुलिस टीम अवनीश कुमार, तरुण कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त कार और ट्रैक्टर को हाईवे से हटवाकर किनारे खड़ा कराया ।पुलिस ने फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है।

# कस्तूरबा गांधी स्कूल की छात्रा सोनम बनीं एक दिन की डीएम

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन हेतु नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान के तहत सोनम पुत्री सूरज सिंह, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय को एक दिन के जिलाधिकारी के पद पर सांकेतिक रूप से पदासीन करते हुए बेटियों को सम्मान प्रदान किया गया।

उक्त पद पर पदासीन होकर सोनम ने अपने संदेश में बताया कि मैं आज एक दिन के लिए जिलाधिकारी के पद पदासीन होकर निश्चय करती हूं कि मैं अपने इस सपने को साकार करूंगी। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा के लिये 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 1090 महिला हेल्प लाइन लागू की है प्रदेश की हर बहन बेटी को अब किसी भी दशा में अपमान सहन न करते हुए उसका उपयोग करना चाहिये। उक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत उप्र सरकार की यह एक बहुत अच्छी पहल है इसमें बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे।

सरकार द्वारा बेटियों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करते हुए सभी क्षेत्रों में अपने उन्नत भविष्य का सपना साकार कर सकती है। कार्यक्रम में विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, राजेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वन्दना प्रधानाचार्या कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, सोहन गुप्ता, अजित कुमार दुबे, अर्चना भदौरिया साहित अन्य बालिकाओं आदि ने प्रतिभाग किया।

**सांत्वना** | 50 लाख रुपये मुआवजा, मृतक के पुत्र को नौकरी देने की मांग

# पीड़ित परिवार से मिले कांग्रेस नेता, बंधाया ढांढस

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** कस्बा के मोहल्ला महावीर नगर निवासी चाय विक्रेता शिवपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में बुधवार को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।



पीड़ित परिवार से मुलाकात करते कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

मृतक शिवपाल के मोबाइल पर स्मार्ट मीटर का करीब 1.60 लाख रुपये का बिजली बिल आने का मैसेज मिला था। बिल देखकर उन्हें गहरा सदमा लगा, जिससे उनकी मौत हो गई थी। मामले में विभागीय अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए बिजली बिल में सुधार कर उसे 9100 रुपये कर दिया था। साथ ही आर्थिक सहायता और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल भरथना पहुंचा, प्रतिनिधिमंडल ने मृतक की बेटी सोनम समेत अन्य परिजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास करेगी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पीसीसी सदस्य सुखराम सिंधी, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह 'भूरे', प्रवक्ता प्रदीप द्विवेदी, रणवीर सिंह यादव, अमन तिवारी, संजीव त्रिपाठी, करन सिंह राजपूत, प्रताप नारायण मिश्रा, कोमल सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डेयरी संचालक के घर सेंध लगा चोरी


**भरथना।** थाना क्षेत्र के एक गांव में डेयरी संचालक के यहां अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर घर में रखी नकदी तथा जेवर पार कर दिए। पीड़ित ने थाना पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की। पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस जांच में जुट गई। क्षेत्र के गांव मोहित कुमार पुत्र नेम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वह मंगलवार की देर रात करीब दस बजे के बाद घर के बाहर सो गया, रात के समय अज्ञात चोरों द्वारा घर के पीछे की दीवार के जरिये दो कमरों की दीवाल को काटकर घर में रखे सोने की एक जंजीर, दो अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी कान के झुमके व घर में रखे 90 हजार रुपये चोरी कर लिए गये।

# पेंशनर्स ने आंदोलन की दी चेतावनी, ज्ञापन

संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति द्वारा प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को इंजीनियर शिवराज सिंह संयोजक ने दिया।

इंजीनियर शिवराज सिंह यादव ने कहा भारत सरकार ने केंद्रीय सिविल सेवा, पेंशन, वैधता अधिनियम 2025 को वापस लेने के लिए बड़ी संख्या में जिलाधिकारी कार्यालय पर 18 घटकों के कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर काला दिवस राष्ट्रीय संगठन के आह्वान पर मनाया। उन्होंने कहा यदि सरकार ने आठवें वेतन आयोग में सेवानिवृत्ति शिक्षकों कर्मचारी को सम्मिलित नहीं किया तो दिल्ली में एक बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा। सरकार



डीएम को ज्ञापन देते अध्यक्ष दिलीप मिश्र व अन्य। अमृत विचार

से बिल वापस लेने की मांग करते हुए संयुक्त पेंशनर कल्याण समिति के सहसंयोजक बृजेश यादव जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक पेंशनर्स यूनियन ने कहा यदि सरकार ने हमें आठवें वेतन आयोग में सम्मिलित नहीं किया तो हम सब लोग आगे आने वाले चुनाव में सरकार का विरोध करेंगे। सेवानिवृत शिक्षकों को आठवें वेतन आयोग के अलावा कैशलेस इलाज में भी जो शासनादेश हुआ है उसमें छोड़ दिया गया है पुनः कैशलेस इलाज के लिए शासनादेश जारी करने की मांग की। कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष दिलीप मिश्रा व चंद्र प्रकाश शाक्य महामंत्री, रामविलास यादव, राजेन्द्र तिवारी उम्मेद सिंह, शौकीन सिंह आदि थे।

## न्यूज ब्रीफ



पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ रुक्मणी देवी।

### सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष बनीं रुक्मणी देवी

**कालपी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से जनपद जालौन निवासी रुक्मणी देवी निषाद को समाजवादी महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा जारी अधिकृत पत्र के माध्यम से की गई है। रुक्मणी देवी ग्राम शेखपुर गुढ़ा का पुरवा, पोस्ट मंगरोल, जनपद जालौन की निवासी हैं और लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रही हैं। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है तथा पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में समाजवादी महिला सभा और अधिक मजबूत होगी तथा महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सशक्तिकरण के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। स्थानीय समर्थकों और पार्टी पदाधिकारियों ने इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रुक्मणी देवी को बधाई दी।

### एसडीएम, सीओ ने दो ओवरलोड डंपर पकड़े

**बेला।** बुधवार तड़के करीब पांच बजे एसडीएम बिधूना गरिमा सोनकिया व सीओ बिधूना पी पुनीत मिश्रा ने बेला में ओवरलोड डंपरों के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान थाना पुलिस भी मौजूद रही। एसडीएम ने दो ओवरलोड डंपरों को जब्त कर थाने में खड़ा करा दिया। जिसमें एक डंपर का 61 हजार का चालान किया। वहीं इस डंपर पर पहले के चालीस-चालीस हजार के दो चालान बाकी थे। जिसमें डंपर मालिक ने डेड लाख रुपये जमा कर दिया जिससे डंपर छोड़ दिया गया। वहीं अन्य एक डंपर पर 61 हजार का चालान कर सीज करते हुए थाने में खड़ा करा दिया गया। एसडीएम बिधूना गरिमा सोनकिया ने बताया की अवैध परिवहन करने वालों कों बक्शा नहीं जायेगा।

### हेड कांस्टेबल और आरक्षी को एसपी ने किया लाइन हाजिर

**अछल्दा :** मिट्टी के अवैध खनन से जुड़े मामले में दो हेड कॉस्टेबलों को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया। थाना के हेड कांस्टेबल धीरज और आरक्षी विनोद कुमार का मिट्टी के अवैध खनन का किसी मामले में बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ। जिसका संज्ञान पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने लेते हेड कांस्टेबल और आरक्षी विनोद कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि कोई पुराना आडियो वायरल हुआ उसी मामले में पुलिस अधीक्षक ने हेड कांस्टेबल और आरक्षी को संस्पेंड किया जा रहा है।

### युवती को भगा ले जाने का आरोप

**दिबियापुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी 20 वर्षीय पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित के पिता ने बताया कि जिला कानपुर नगर के थाना नरवल स्थित पाली भोगीपुर निवासी मोहित पुत्र किशन सिंह उसकी पुत्री को बरगलाकर ले गया। थाना पुलिस ने मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# सीडी रेशियो में सुधार करें बैंकें, ऋण देने में तेजी लाएं

## जिलाधिकारी ने उद्योग बंधु समिति की बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं एमओयू क्रियान्वयन तंत्र समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए बैंकों को जमा-ऋण अनुपात (सीडी रेशियो) 50 प्रतिशत तक बढ़ाने तथा ऋण वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि 1 अप्रैल से बंदी दिवस का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए बैंकों को अधिक से अधिक प्रकरणों में ऋण स्वीकृत करने और लाभार्थियों के खातों में शीघ्र धनराशि हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक आवेदन बैंकों को भेजे जाएं और ऋण आवंटन में सहायता सुनिश्चित की जाए। सभी बैंकों को 30 मार्च तक ऋण हस्तांतरण पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए।

इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिला उद्योग केंद्र को 31 मार्च तक लक्ष्यों के सापेक्ष प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई कर ऋण वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश का औसत जमा-ऋण अनुपात लगभग 60 प्रतिशत है, जबकि जनपद में कई बैंकों का सीडी रेशियो 50 प्रतिशत से कम है। ऐसे बैंकों को निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया, ताकि जनपद का औसत भी बढ़ाया जा सके। उद्योग बंधुओं द्वारा बंदी दिवस लागू करने की मांग पर जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में 1 अप्रैल से इसका कड़ाई से पालन कराया जाए। साथ ही स्थानवार बंदी दिवस की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। बैठक में प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला अग्निशमन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सहित कई उद्यमी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में मनाया नवारंभ, बीईओ ने किया शुभारंभ

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

- रेत पर चित्र और आकृतियां बनवाकर कराया नवारंभ




विद्यालय में मनाया जाता नवारंभ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाग्यनगर ब्लाक के कोलोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्र वाले परिषदीय विद्यालयों में बीईओ दाताराम ने नवारंभ आयोजन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कोलोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों व विद्यालयों का निरीक्षण भी किया और परीक्षा प्रगति, नवीन नामांकन, मिशन शक्ति कार्यक्रम, कायाकल्प व आगामी पीटीएम बैठकों को लेकर निर्देश दिए।

बुधवार को बीईओ दाताराम ने कंपोजिट विद्यालय मकु का पुरवा व प्राथमिक विद्यालय बढ़ुआ में निरीक्षण किया।उन्होंने वहाँ चल रहे नवारंभ उत्सव का शुभारंभ किया। प्राथमिक विद्यालय बढ़ुआ में बीईओ ने सभी माताओं व अभिभावकों के साथ बच्चों को रेत पर विभिन्न आकृतियां उकेरने में सहयोग किया। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष से छह वर्ष के बच्चों को आरम्भिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व पोषण देने के लिए सरकार द्वारा सार्थक व लाभकारी योजनाओं से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।अभिभावक इसका लाभ भी ले रहे हैं।अभिभावक, आंगनवाड़ी केंद्र व स्कूल के शिक्षक मिलकर प्रयास करें तो शिक्षा में परिणाम बहुत अच्छे प्राप्त होंगे।उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में चारों कोनों में स्थित लर्निंग कार्नर व उपलब्ध स्टेशनरी को भी देखा।इस दौरान उन्होंने विद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम, कायाकल्प, डीबीटी, कंपोजिट ग्रांट उपभोग, इको क्लब, आउट ऑफ स्कूल व वार्षिक परीक्षा प्रगति का भी निरीक्षण किया।उन्होंने आगामी सत्र में 6 वर्ष आयु के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन करने के निर्देश दिए।इस दौरान प्रधानाध्यापक बुद्धिपाल यादव, प्रधानाध्यापक मुहीत सिद्दीकी, शिक्षिका रिज़वाना आज़मी, एसएमसी अध्यक्ष राज बहादुर, उपाध्यक्ष मौजूद रहे।

### आदर्श ठाकुर के भाजपा जिला मंत्री बनने पर जताई खुशी

**बिधूना, औरैया।** बिधूना क्षेत्र के कर्मठ युवा भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख बिधूना के प्रतिनिधि आदर्श ठाकुर एवं पूर्व जिला मंत्री रिषी पांडे, विमल दुबे रविन्द्री शाक्य को भाजपा संगठन द्वारा जिला मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में भारी खुशी का माहौल है। जैसे ही यह खबर बिधूना बेला सहार ऐरवाकटरा क्षेत्र के लोगों को लगी तो समर्थकों द्वारा स्वागत सम्मान शुरू कर दिया गया। मंगलवार को नव नियुक्त भाजपा जिला मंत्री आदर्श ठाकुर का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इसी क्रम में आदर्श ठाकुर के पैतृक गांव धरमंगदपुर में उनका जोरदार स्वागत किया गया। आदर्श ठाकुर की मां गीता सिंह सेंगर वर्तमान में बिधूना ब्लाक प्रमुख हैं। आदर्श ठाकुर, रिषी पांडे,और विमल दुबे रविंद्री शाक्य की इस नियुक्ति को उनके कार्यों और संगठन के प्रति निष्ठा का परिणाम माना जा रहा है। इस अवसर पर ब्रजभूषण राजपूत, प्रबल प्रताप सिंह ,मोनू भदोरिया, मोहित भदोरिया, संजू ठाकुर, गोलू भानु प्रताप सिंह, शालू जीन्स कलेक्शन, रवि प्रताप सिंह सेंगर आदि रहे।



नव नियुक्त जिला मंत्री का स्वागत करते भाजपाई। अमृत विचार

# जिलाधिकारी और एसपी ने मंदिरों का निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं

संवाददामा, कालपी (जालौन)



निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखते डीएम-एसपी।

**अमृत विचार।** नवरात्रि को लेकर प्रशासन सतर्क है। बुधवार को जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने नगर के देवी मंदिरों की व्यवस्था को परखा, इस दौरान उन्होंने वनखण्डी मन्दिर के महन्त से भी नवमी के जुलूस को लेकर चर्चा की है।

बुधवार दोपहर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने वनखंडी मन्दिर में नवरात्रि को लेकर की गई व्यवस्थाओं को परखा और पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मन्दिर के महन्त जमुना दास से भी मुलाकात की तथा नवरात्रि के बाद निकलने वाले रामनवमी जुलूस को लेकर भी चर्चा की। यह जुलूस हिन्दू धर्म की आस्था का प्रतीक है जिसमें बडी संख्या में आस्थावान शामिल होते है हालांकि उन्होंने कहा कि जुलूस में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसका ख्याल आयोजकों को रखना होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। इस दौरान उन्होंने नगर के अन्य देवी मन्दिरों के बारे में जानकारी ली और मौके पर मौजूद पुलिस विभाग के जिम्मेदारों को मन्दिर तथा उनके मार्गों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ बनाए रखने की नसीहत दी। इस मौके पर एसडीएम मनोज कुमार सिंह, सीओ अवधेश कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव तिवारी, कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक सड़क हादसे में 46 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविन्द्र सिंह पुत्र विश्राम सिंह, निवासी नगला दीन थाना वेदपुरा जनपद इटावा, बुधवार को अपने भाई पुनीत के साथ बिधूना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुरखुदा स्थित भोले बाबा मंदिर में झंडा चढ़ाने गए थे। पूजा के बाद जब वह सड़क पार कर रहे थे, तभी बिधूना की ओर से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में रविन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन सीएचसी अछल्दा लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अमरदीप चौधरी ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, हादसा करने वाली बाइक को पकड़ लिया गया है, जबकि बाइक चालक भी घायल है। घटना की सूचना चिकित्सक द्वारा थाना पुलिस को दे दी गई है।

# उद्घाटन कार्यक्रम में बच्चों ने दी प्रस्तुति

कार्यालय संवाददाता, औरैया




विद्यालय का उद्घाटन करते डीएम व अन्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वैदिक हेरिटेज पब्लिक स्कूल का उद्घाटन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रुद्रपाल सिंह ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिससे समारोह का महत्व और बढ़ गया।

उद्घाटन के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। देशभक्ति और सामाजिक संदेशों से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। डीएम डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया बच्चों को केवल किताबी ज्ञान नहीं होना चाहिए, बल्कि संस्कारों के प्रति भी जागरूक होने चाहिए। मौके पर चेयरमैन भूपेंद्र सिंह, डायरेक्टर देव प्रताप सिंह, रुद्रपाल सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपू सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष भूवन प्रकाश गुप्ता , भाजपा जिला प्रभारी आनंद सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. दीप्ति सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर श्याम सिंह राजावत, रवि राजावत, देवेंद्र सिंह, गौरव सिंह, अंकित सिंह मौजूद रहे।

## कमरे में फांसी लगा युवक ने दी जान रात में ही कर दिया अंतिम संस्कार



लविश शाक्य।

**औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र की हरचंद्रपुर चौकी अंतर्गत ढरकनिया गांव में मंगलवार देर रात एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, मनोज शाक्य का 18 वर्षीय पुत्र लविश शाक्य मंगलवार रात करीब 9 बजे अपने कमरे में गया था। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों को चिंता हुई। रात करीब 10 बजे जब परिजन कमरे में पहुंचे तो युवक का शव फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में परिजनों ने शव को नीचे उतारा। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर युवक ने यह कदम उठाया। हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मृतक परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनें हैं, जिनमें एक विवाहित और दूसरी अविवाहित है। घटना के बाद परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। फिलहाल घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

**न्यायालय तहसीलदार सुकमा जिला सुकमा (छ0ग0)**

**राजस्व मामले में नोटिस प्रकाशन**

प्रति,

श्रीमती प्रमीला कुलदीप पति श्री बीरबल कुलदीप पिता स्व. संकटा सिंह उम्र-64 वर्ष निवासी साकेत नगर गोविंदपुर कांकेर तहसील जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

विषय:- राजस्व अभिलेख में खाता विभाजन किये जाने बाबत्।

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रमीला कुलदीप पति श्री बीरबल कुलदीप पिता स्व. संकटा सिंह उम्र-64 वर्ष निवासी साकेत नगर गोविंदपुर कांकेर तहसील जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) अनावेदकगण (1) श्री अरूण सिंह भदौरिया पिता स्व. संकटा सिंह उम्र 69 वर्ष निवासी मेन रोड गादीरास, तहसील गादीरास, जिला सुकमा (छ.ग.) (2) श्रीमती प्रशीला पति श्री चन्द्रपाल सिंह कुशवाह, उम्र-71 वर्ष निवासी सिकन्दरा कानपुर देहात उ.प्र. (3) संतोष सिंह मृत विधिक वारिस पत्नी श्रीमती ज्ञानवती भदौरिया पति स्व. संतोष सिंह, उम्र 59 वर्ष निवासी बगीचापारा सुकमा, जिला सुकमा (छ.ग.) (4) श्री विनोद सिंह भदौरिया पिता स्व. संकटा सिंह, उम्र-59 वर्ष, निवासी बोधघाट कालोनी जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) (5) श्री प्राजल सिंह भदौरिया पिता स्व. अशोक सिंह उम्र 23 वर्ष, मेन रोड राजवाड़ा, सुकमा जिला सुकमा (छ.ग.) (6) श्री अनिल सिंह भदौदिया पिता स्व. संकटा सिंह उम्र-53 वर्ष निवासी बस स्टैण्ड के पास किरन्दुल जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.) वगैरह के विरूद्ध राजस्व अभिलेख में दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ग्राम सुकमा प०ह०नं० 13/ सुकमा, राजस्व निरीक्षक मण्डल सुकमा, तहसील सुकमा में स्थित भूमि खसरा नंबर. 943 रकबा 0.220 हेक्टेयर भूमि आवेदिका के पिता स्व. संकटा सिंह पिता स्व. श्री रामचन्द्र सिंह के द्वारा स्वअर्जित भूमि है। उक्त भूमि को उनके वैध वारिसों में सामान बटवारा किया जाकर आवेदिका को उसका का भूमि और आवेदिका के द्वारा उक्त खसरे में से एक हिस्से में मकान का निर्माण किया है, आवेदिका को खाता विभाजन कर दिलाये जाने के लिए आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 178 छ.ग. भू-राजस्व संहिता के तहत् फार्म बी-1, किस्तबंदी खतौनी, खसरा पांचशाला, खसरा नक्शा की प्रति एवं अन्य दस्तावेज के साथ पेश किया गया है। उक्त खाता विभाजन के संबंध में आवेदन की आगामी सुनवाई दिनांक 09/04/2026 को नियत है। आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 09.04.2026 को न्यायालय तहसीलदार सुकमा को समय 11.00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी

पृ0क्रमांक/418/प्रस्तु./तह./2026 सुकमा, दिनांक 16/03/2026

तहसीलदार
सुकमा, जिला सुकमा

## 21वां सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**फफूंद।** कस्बा में हिन्दू युवा मोर्चा संघ द्वारा 21वां सुंदर कांड पाठ आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थान अखलेश राठौर के आवास मोहल्ला केशवानी में सम्पन्न हुआ। सुंदर कांड पाठ का आयोजन हिन्दू युवा मोर्चा संघ के सक्रिय सदस्य अखलेश राठौर, कमलेश राठौर, सुनील राठौर एवं समस्त राठौर परिवार के आह्वान पर किया। इस अवसर पर हिन्दू युवा मोर्चा संघ संरक्षक विनोद तिवारी हृदेश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा, प्रदेश संगठन महामंत्री गौरव आदि मौजूद रहे।

# दो बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

संवाददाता, बिधूना



मौके पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेला-बिधूना मार्ग पर बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो लोग घायल हो गए। हादसे में एरवा कटरा थाना क्षेत्र के पटना खुर्द निवासी किरन (पुत्र अखिलेश) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिधूना में भर्ती कराया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बाइक तेज रफ्तार में थीं, जिससे टक्कर बेहद जोरदार हुई और दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर के बाद दोनों सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के चलते कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात बाधित रहा और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों की मदद की और बेला पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस के देर से पहुंचने पर ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल किरन को निजी वाहन से सीएचसी बिधूना पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत चिंताजनक बताई है। सूचना पर पहुंची बेला पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त बाइकों को सड़क से हटवाया और यातायात बहाल कराया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है, जिसमें तेज रफ्तार और लापरवाही को प्रमुख वजह माना जा रहा है।

शैक्षिक भ्रमण

## जिला विज्ञान क्लब के छात्रों ने कानपुर का किया भ्रमण

# बच्चों ने करके सीखा, जानी भविष्य की संभावनाएं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**02** बसों में सवार होकर गए 106 विद्यार्थी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब द्वारा औरैया से कानपुर स्थित शिक्षा सोपान आश्रम आईआईटी व औद्योगिक संस्थानों में शैक्षिक भ्रमण हेतु गए माध्यमिक विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने विज्ञान को वास्तविक प्रयोगों के माध्यम से देखा। वहीं औद्योगिक क्षेत्रों में नजदीक से भौतिकी एवं रसायन के प्रयोग का महत्व समझा। इस दौरान विज्ञान विशेषज्ञों व आईआईटी में प्रोफेसर ने छात्रों को व्याख्यान दिए और प्रयोग कर विज्ञान के नियमों की जानकारी दी। इस दौरान स्पिन नैनो टेक कंपनी के फाउंडर व सीईओ ने बच्चो को औद्योगिक क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने को टिप्स दिए।विज्ञान क्लब टीम के नेतृत्व में छात्रों ने महत्वपूर्ण जानकारियों को इकट्ठा किया व शिक्षा के माध्यम से उद्योगों में कैरियर बनाने की प्रेरणा ली।

मंगलवार को जिला विज्ञान क्लब द्वारा 106 छात्रों को शैक्षिक भ्रमण हेतु कानपुर ले जाया गया था।दो बसों को डीएम इंद्रमणि त्रिपाठी व डीआईओएस प्रदीप कुमार मौर्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।सबसे पहले छात्र कानपुर स्थित शिक्षा सोपान आश्रम पहुंचे।पद्मश्री प्रोफेसर एच सी वर्मा द्वारा निर्देशित कार्यक्रम में विज्ञान विशेषज्ञ रितेश कुमार, रंजीत कुमार, योगेश झा व हिमांशु द्वारा उनको वायु दाब, आवृत्ति, प्रकाश प्रकीर्णन व आर जी बी प्रभाव ऑर्गन पाइप, गुरुत्वाकर्षण नियम, दोलन गति, आसुत जल बनाना, उत्तोलक, इलेक्ट्रो स्टेटिक चार्ज व प्रक्षेप गति को प्रयोग व प्रदर्शन कर जानकारी दी।आईआईटी में केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर डॉ अनुराग त्रिपाठी द्वारा छात्रों को रसायन विज्ञान से जुड़ी अवधारणाओं की व्याख्या की। इसके बाद छात्रों को स्पिन नैनोटेक कंपनी ले जाया गया। कंपनी में छात्रों को विभिन्न उत्पादित मशीनों जैसे इलेक्ट्रो स्पिनिंग मशीन, नैनो फाइबर मशीन, मेल्ट स्पिनिंग आदि स्पिनिंग मशीन व हाई वोल्टेज द्वारा केमिकल से फाइबर बनाने की जानकारी दी गई। मैनेजर महेश व एचआर मैनेजर रिया चटर्जी द्वारा उत्पादन व मार्केटिंग, नैनो टैक्नोलॉजी के जरिए बनने वाले विभिन्न उत्पादों की जानकारी दी गयी।प्रोडक्शन मैनेजर अंकित शुक्ला ने मास्क प्रोडक्शन की जानकारी दी। उन्होंने सर्जिकल, एन 95, कप शेप साइज, आदि की जानकारी दी।सीनियर एनालिस्ट अंकित शर्मा ने फूड लैब के बारे में बताया। ई-स्पिन नैनोटेक कंपनी के फाउंडर व सीईओ संदीप पाटिल ने छात्रों को उनके जीवन संघर्ष व सफलता की कहानी साझा की।उन्होंने छात्रों को मोबाइल का शिक्षा हेतु सदुपयोग करने को कहा व सफलता का मंत्र भी दिया।इस दौरान जिला विज्ञान क्लब समन्वयक मोहित सिंह, रामेंद्र कुशवाहा, मुहीत सिद्दीकी, ज्ञान प्रकाश, विकास सक्सेना, शिववीर सेंगर, कमलकांत, प्रीति त्रिपाठी ,सुमित नारायण व तमाम कालेजों के शिक्षक मौजूद रहे।

### छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**दिबियापुर।** थाना क्षेत्र के ढरकन गांव में कक्षा 11 की परीक्षा दे चुके एक छात्र ने खेत में खड़े अमरूद के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बुधवार दोपहर परिजन ने गांव में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार ढरकन गांव निवासी 17 वर्षीय लवेश पुत्र मनोज मंगलवार रात घर से निकल गया था। देर रात उसने खेत में खड़े अमरूद के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह शौच के लिए खेत की ओर गई महिलाओं ने पेड़ पर शव लटका देखा, जिसके बाद गांव में सूचना दी गई।

**कार्यालय कलेक्टर / लाइसेंस प्राधिकारी, कानपुर नगर**

संख्या-2530 / जि0आ0अ0-का0न0/व्यवस्थापन / 2026-27/ दिनांक: 25 मार्च, 2026

**विज्ञप्ति**

सम्बन्धित / अर्ह अनुज्ञापी देशी मदिरा दुकान निम्नवत् को सूचित किया जाता है कि आबकारी नीति वर्ष 2026-27 के प्रस्तर 1.1.3 (ख) के अनुसार आपकी देशी मदिरा दुकान की 03 कि0मी0 की परिधि में कोई कम्पोजिट शॉप अथवा मॉडल शॉप व्यवस्थित / संचालित नहीं है। अतः आबकारी नीति 2026-27 के उक्त प्रस्तर के अनुसार आपकी देशी मदिरा की फुटकर दुकान से बियर की बिकी को अनुमन्य किया जा सकता है। आबकारी नीति में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार वर्ष 2026-27 में सी0एल0-5सीसी अनुज्ञापन नवीनीकृत / प्रदान किये जाने हेतु अर्ह देशी मदिरा की दुकानों का विवरण निम्नवत् है-

| क्र0 सं0 | शॉप आई0डी0 | देशी मदिरा दुकान का नाम | क्र0सं0 | शॉप आई0डी0 | देशी मदिरा दुकान का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22518 | कुरेह | 12 | 23707 | बरईगढ |
| 2 | 22693 | उठ्ठा | 13 | 24189 | बरनाव |
| 3 | 22709 | दलेलपुर | 14 | 24216 | बावन |
| 4 | 22966 | पिहानी | 15 | 24371 | कोरो |
| 5 | 22994 | कसिगवां | 16 | 24417 | बौहारा |
| 6 | 23010 | शाम्भी | 17 | 24544 | दौलतपुर (निमधा की सीमा तक) |
| 7 | 23023 | शुक्लापुर ए | 18 | 24696 | कटरी |
| 8 | 23051 | तरीपाठकपुर | 19 | 24729 | गोपालपुर साढ़ |
| 9 | 23265 | भदेवना | 20 | 35677 | गदनपुर चोरसा |
| 10 | 23481 | पतरसा | 21 | 35704 | पारा रायब चौराहा |
| 11 | 23617 | कोटरा मकरंदपुर | 22 | 36412 | मनिहारपुर |

इच्छुक अर्ह देशी मदिरा दुकान के अनुज्ञापीगण नवीनीकरण शुल्क रू0 2000/-, लाइसेंस फीस (लाइसेंस फीस-3) रू0 55,000/- एवं प्रतिभूति धनराशि रू0 5500/- जमा करते हुये वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व (एम0जी0आर0-सी0एल0 बीयर) रू0 6,45,000/- का त्रैमासिक विभाजन के अनुसार उपभोग सुनिश्चित करने के शपथ पत्र के साथ नवीनीकरण / नवीन सी0एल0-5सीसी अनुज्ञापन के लिये आवेदन पत्र जिला आबकारी अधिकारी, कानपुर नगर के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। इच्छुक अर्ह अनुज्ञापी/आवेदक विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी/क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों से प्राप्त कर सकते हैं।

(राजेश सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी
कानपुर नगर

(जितेन्द्र प्रताप सिंह)
कलेक्टर / लाइसेंस प्राधिकारी
कानपुर नगर

## न्यूज ब्रीफ

### बिवांर में निशुल्क नेत्र शिविर आज

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे के बाजार मोहल्ले के रामलीला मैदान में 26 मार्च को सुबह 9:00 से 1:00 बजे तक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के जानकी कुंड द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आंखों की जांच की जानी है। मोतियाबिंद के मरीजों को उपचार के लिए जानकी कुंड चित्रकूट के चिकित्सालय में ले जाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समाजसेवी डॉ. राम भजन सिंह ने क्षेत्र के साथ गांव वासियों का अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### प्राथमिक विद्यालय में नवारम्भ उत्सव मनाया गया

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे में स्थित प्राचीन प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक शक्ति मिश्रा की देखरेख में नवारम्भ उत्सव मनाया है। इस उत्सव में बाल वाटिका नोडल अध्यापक नरेंद्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि भरत कुमार के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बाल वाटिका से अध्ययन कर 35 विद्यार्थियों की सूची प्रधानाध्यापक को सौंपी गई। जिनका प्रवेश कक्षा एक में किया जाएगा। इस उत्सव में बाल वाटिका से अछूते बच्चों को चिन्हांकन किया गया। जिनकी उम्र 3 से 6 वर्ष तक होती है। जिसमें 9 बच्चे मिले हैं। जिन्हें बाल वाटिका में अध्ययन के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### करंट लगने से दो राष्ट्रीय पक्षियों की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के नेशनल कॉलेज मार्ग पर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर दो राष्ट्रीय पक्षियों की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी होते ही हिंदू संगठन के आशीष सिंह उर्फ अल्लू, सूरज गुप्ता, सौरभ सिंह, योगेश कुमार, अनुज तिवारी व हर्षित गुप्ता समेत अन्य युवकों ने वन विभाग की मौजूदगी में दोनों राष्ट्रीय पक्षियों को विद्युत के तारों से निकलवा कर पूरे सम्मान के साथ उन्हें लाल कपड़े में लपेट अग्रिम कार्यवाही के लिए वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया। बताते चलें कि नेशनल मार्ग पर ओरी तालाब के समीप कई दशकों से मोरों के कई जोड़ों का निवास है जो सुबह शाम यहां देखे जा सकते हैं।

### शोभा यात्रा के लिए किया आमंत्रित

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बुधवार को देर शाम कस्बे में बाइक जुलूस निकालकर कस्बा वासियों को रामनवमी पर्व की भव्य शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी सेवा समिति कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारियां की है। आगामी 27 मार्च को निकलने वाली रामनवमी शोभायात्रा के लिए लोगों को आमंत्रित करने के लिए बुधवार की शाम बाइक जुलूस निकाला गया।

### जय श्री राम के नारों के साथ बाइक रैली

**राठ (हमीरपुर)।** रामनवमी के पूर्व कस्बे में रामनवमी समिति द्वारा बाइक यात्रा निकाली गई। कस्बे के रामलीला मैदान से शुरू हुई बाइक यात्रा में सैकड़ों की तादाद में नवयुवक बाइक पर सवार होकर जयश्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। बुधवार को रामनवमी समिति के अध्यक्ष राकेश मिश्रा की अगुवाई में कस्बे में रामनवमी के पूर्व बाइक जुलूस निकाला गया। दोपहर बाद रामलीला मैदान से बाइक जुलूस का शुभारंभ हुआ।

# दबंगों ने खाना न देने से होटल मैनेजर को अर्धनग्न कर पीटा

## हाईवे किनारे संचालित अर्थ होटल में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)


होटल मैनेजर के साथ मारपीट करते युवक।

**अमृत विचार।** बीती रात उद्योग नगरी के समीप हाईवे किनारे संचालित अर्थ होटल में दबंगों ने खाना देने से मना करने से नाराज होकर होटल मैनेजर सहित सफाई कर्मियों एवं होटल में ठहरे एक युवक को बीच बचाव करने पर अर्धनग्न कर जमकर पीटा और अवैध असलहे लहराते हुए जान से मार देने की धमकी देकर फरार हो गये। पुलिस ने होटल मैनेजर की तहरीर पर तीन को नामजद करके कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मंगलवार की रात करीब 11 बजे कस्बे में नशे में चूर होकर कई युवक उद्योग नगरी के समीप हाईवे किनारे संचालित अर्थ होटल में खाना खाने पहुंचे। होटल के मैनेजर कुलदीप सिंह से खाना मांगा। मैनेजर ने कहा कि गैस के साथ साथ खाना खत्म हो गया है, खाना मिलना संभव नहीं है। इससे नाराज युवकों ने मैनेजर के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बचाने दौड़े सफाई कर्मी नरेंद्र अनुरागी, अरुण वाल्मीकि को लात घूंसे से जमकर पीटा। इसी बीच होटल में ठहरा ग्राहक पंकज कुमार पाल निवासी दौलतपुरा उरई जालौन बीच बचाव करने लगा। दबंगों ने इसको भी नहीं बख्शा और अर्धनग्न कर दौड़ा दौड़ाकर पीटा। दबंगों में बजरंग दल के लोग भी थे।

पुलिस ने मैनेजर की तहरीर पर बजरंग दल के जिला सहसंयोजक नैतिक सोनी, प्रत्यूष साहू, भोलू ठाकुर को नामजद करके कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होते ही सभी भूमिगत हो गए हैं। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि दबंग रामजी सिंह का नाम मुकदमे में नहीं है लेकिन वारदात में शामिल होने की पुष्टि हुई है। अज्ञात में नाम बढ़ाकर इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दुष्कर्म मामले में दो को 20-20 वर्ष का कारावास

**हमीरपुर।** थाना जलालपुर के एक गांव में पीड़िता के साथ मारपीट कर बलात्कार करने के मामले में अदालत ने दो दोषियों को 20 साल के कठोर कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि थाना जलालपुर के एक गांव निवासी पीड़ित ने 17 दिसंबर 2016 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें अभियुक्त मुकेश पुत्र मुन्ना कुशवाहा व सोनू पुत्र मंगी कुशवाहा निवासी बृजलाल का डेरा हसऊपुर कुपरा को नामित किया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोग में अभियोजन विभाग से समन्वय कर साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की गई। इस मामले की सुनवाई न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट में हुई। अदालत ने मुकेश व सोनू को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।



मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते प्रबंधक पूनम अजेश राजपूत। अमृत विचार

# जूनियर में पूर्वी तिवारी और सीनियर में दिव्यांशी शुक्ला ने किया स्कूल टॉप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- एपेक्स पब्लिक स्कूल में घोषित हुआ परीक्षा परिणाम

**अमृत विचार।** कस्बे के एपेक्स पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। स्कूल और कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

बुधवार को एपेक्स पब्लिक स्कूल के परीक्षा परिणाम में कक्षा 1 की छात्रा पूर्वी तिवारी ने 1800 अंकों में से 1787 अंक पाकर नाम रोशन किया। सीनियर ग्रुप में दिव्यांशी शुक्ला कक्षा 6 ने 2700 में से 2668 अंक पाकर स्कूल का नाम रोशन किया। इसी तरह से अन्य कक्षाओं में नर्सरी कक्षा में माही ने 94.50, हर्ष 96.66 अंक पाए। यूकेजी में लवली 98.9, जीविका 97.88 फीसदी अंक पास। कक्षा प्रथम में अंश ने 96.50 फीसदी अंक पाकर नाम रोशन किया। वहीं द्वितीय क्लास में तनिश 98.85, देवांशी 98.23, तृतीय क्लास में श्रुति गुप्ता 96.25, नित्या 97.12, चतुर्थ क्लास में टाइगर मिश्रा 96.54, नितिन 98.66, पंचम क्लास में श्रेयश 98.08 समेत अनेक बच्चों ने कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रबंधक पूनम अजेश राजपूत, प्रधानाचार्य शिवकुमार आर्य ने पुरस्कार और शील्ड देकर सम्मानित किया।

# करंट लगने से दिव्यांग की मौत, मचा कोहराम

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- नशे की हालत में युवक ने बिजली का तार पकड़ लिया था

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम छिरका में देर रात नशे की हालत में एक दिव्यांग युवक ने बिजली का तार पकड़ लिया जिससे उसकी करंट लगने से घटनास्थल पर मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।


वीरेंद्र की फाइल फोटो।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरका निवासी वीरेंद्र उर्फ वीरू (32) पुत्र हरगोविंद सविता काफी अरसे पहले दुर्घटना के चलते हुए एक पैर से दिव्यांग हो गया था। मंगलवार की देर रात गांव के एक उद्घाटन समारोह में मौज मस्ती करने के बाद देर रात अपने घर के दरवाजे पहुंचा। जहां उसने नशे की हालत में बिजली का तार पकड़ लिया। जिससे करंट लगने से वह जमीन पर गिर पड़ा। थोड़ी ही देर में उसके छोटे भाई धीरू की नजर जमीन पर पड़े वीरू व बिजली के तार पर पड़ी तो उसने शोर मचा परिजनों को बुलाया। परिजन आनन फानन गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मृतक गांव में ग्रामीणों के बाल व दाढ़ी बनाने के अलावा लोगों के सुख-दुख के कार्यक्रम में न्योता देने व अन्य कार्यक्रम संपन्न करवा अपने परिवार की गुजर बसर करता था। वह अपने पीछे तीन बेटियों व एक पुत्र सहित पत्नी अमृता को रोता बिलखता छोड़ गया है। घटना से गांव में शोक का माहौल है। कोतवाली इंचार्ज चंद्रशेखर ने बताया करंट से हुई मौत में मृत्यु का कारण स्पष्ट होने के लिए शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

# सुरौली बुजुर्ग के सिपाही का रिश्वत मांगते ऑडियो वायरल

संवाददाता सुमेरपुर (हमीरपुर)

- पीड़ित बोला चौकी इंचार्ज को दिए दस हजार रुपये रिश्वत के रूप में

**अमृत विचार।** बीहड़ों में स्थित पुलिस चौकी सुरौली में तैनात सिपाही का एक ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें वह एक व्यक्ति से रिश्वत मांग रहे हैं। वह व्यक्ति दस हजार चौकी इंचार्ज को देने की बात करते हुए सिपाही से शाम को मुलाकात करने की बात कहता हुआ सुनाई दे रहा है। वायरल ऑडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

किसी राजू नाम के व्यक्ति ने एक बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया में मंगलवार की देर रात वायरल किया है। इसमें पुलिस चौकी सुरौली बुजुर्ग में सिपाही संगीत सिंह से बातचीत हो रही है। बातचीत में सिपाही राजू से किसी प्रकरण में मिलने की बात कहता है। इस पर राजू कहता है कि उसने चौकी इंचार्ज को दस हजार पहुंचा दिए हैं। इसके बाद सिपाही कहता है कि ठीक है तुम चौकी आओ साहब बुला रहे हैं। इस पर राजू कहता है कि वह बाहर है शाम को चौकी पर आता है। इस पर सिपाही सहमति जताते हुए फोन काट देता है। सिपाही संगीत सिंह ने कहा कि दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। उसी को लेकर बातचीत की थी। रुपए मांगने का आरोप भी बेबुनियाद है। चौकी इंचार्ज कपिल मलिक ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है मैंने किसी से कोई रिश्वत नहीं ली है। राजू नाम के व्यक्ति की शिकायत थी उसी की निस्तारण के लिए चौकी बुलाया था। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। वायरल ऑडियो की जांच कराई जा रही है।

## काली पट्टी बांध मनाया काला दिवस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) वैधता अधिनियम 2025 के एक वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को पेंशनर्स ने कलेक्ट्रेट में काली पट्टी बांध कर काला दिवस व विरोध दिवस मनाया। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उप्र की जिला इकाई के जिलाध्यक्ष बाबूलाल विश्वकर्मा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों के व्यय के संबंध में केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमों एवं सिद्धांतों का सत्यापन करने के यह अधिनियम 25 मार्च 2025 से प्रभावी किया गया था। अपने पेंशनर्स का वर्गीकरण करने तथा उनके बीच अंतर बनाए रखने का अधिकार प्रदान करता है। इस अधिनियम के लागू होने के एक वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने बांह में काली पट्टी बांध कर काला दिवस व विरोध दिवस मनाया है।

## दो दिन बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** विद्युत पारेषण खंड के अधिशाषी अभियंता विक्रम सिंह ने बताया कि 132 केवी उपकेंद्र भरुआ सुमेरपुर के 33 केवी मेन बस सेक्शन-द्वितीय के आर एवं वाई फेज में खराबी आने के कारण उसके प्रतिस्थापन का कार्य कराया जाएगा। इस कार्य के चलते 33 केवी मेन बस सेक्शन-द्वितीय का शटडाउन 28 मार्च एवं 29 मार्च को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक प्रस्तावित किया गया है। निर्धारित समय के दौरान 33 केवी पोषक भरुआ-प्रथम, सिसोलर, लघु डाल-प्रथम, लघु डाल-द्वितीय, पारा रैपुरा, यूआईएल, एचयूएल, नमामि गंगे, शल्विश, इंडस्ट्रियल-एक एवं इंडस्ट्रियल-दो फीडरों से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते एबीबीपी कार्यकर्ता। अमृत विचार

# जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डॉक्टरों की नियुक्ति करने सहित चार सूत्री ज्ञापन एडीएम को सौंपा

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने जिला अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति करने मांग सहित चार सूत्री राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद को सौंपा।

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी एवं महामंत्री राखी पांडेय के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि जिला अस्पताल में वर्षों से डॉक्टरों के रिक्त पदों के कारण मरीजों को समय पर इलाज न मिलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में चिकित्सकों की घोरतम कमी के चलते इलाज को आने वाले बच्चों, बुजुर्ग, महिलाओं और पुरुषों की समय पर इलाज न मिल पाने के कारण मौत हो रहीं है। चिकित्सकों के अभाव के चलते जिला अस्पताल को रेफर सेंटर बना दिया गया है। आए दिन इलाज न मिलने से मरीजों की मौत का आकड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है जो जन आक्रोश का कारण बन रहा है।

उन्होंने जिला अस्पताल में वर्षों से बने आईसीयू की तालाबंदी ख़त्म करा कर आपात चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, विशेषग्य चिकित्सकों के रिक्त पदों पर तैनाती करने, प्राथमिकता के आधार पर सर्जन की तैनाती करने, अधिग्रहित की गई जमीन मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराने की मांग की है। इस मौके पर नरेंद्र कुमार बाजपेई, डा.अवधेश मिश्रा, नीरज कुमार मिश्रा, विकास पाण्डेय, वंदना तिवारी, प्रीती अवस्थी, शीलू द्विवेदी, अनामिका मिश्रा, अंकित दीक्षित सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष बनने के बाद साध्वी निरंजन ज्योति का जनपद में पहली बार आगमन होने पर पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।

नवनियुक्त राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति का जनपद फतेहपुर का भ्रमण के बाद बुधवार को जनपद में प्रथम आगमन हुआ। पार्टी के कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए दुर्गा मोड के पास एकत्र हुए। जैसे ही


अध्यक्ष का स्वागत करतीं आशारानी कबीर व अन्य। अमृत विचार

साध्वी निरंजन ज्योति का काफिला दुर्गा मोड़ पहुंचा, वहां उनका पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला शहर के चौरा देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित हमीरपुर महोत्सव 2026 कार्यक्रम में पहुंचा। यहां उन्होंने वृहद रोजगार मेला का उद्घाटन किया। यहां नगर पंचायत कुरारा चेयरमैन आशारानी कबीर ने पुष्प माला डालकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। उन्होंने जनपद में विकास कार्य में गति प्रदान करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान राठ विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, चेयरमैन कुलदीप निषाद, कुरारा ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, मौदहा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद आदि रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अकौना विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्रांक :–मेमो/ग्रा0पं0/गौशाला/2025–26 दिनाँक– 23 मार्च 2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद्द्वारा जनपद के समस्त भूसा/चौकर/हरा चारा/आटा चोकर / साइलेज / पशु आहार व्यवसायियों दुकानदारों एवं ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/कृषको को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अकौना विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद हमीरपुर की गौशाला में संरक्षित गौवंशीय पशुओं के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति किये जाने के लिये सील बन्द निविदाए दिनाँक 23.03.2026 से दिनांक 31.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत अकौना विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद–हमीरपुर में आमंत्रित की जाती है, जो उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत अकौना में 31.03.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओ की बिक्री दिनाँक 23.03.2026 से दिनाँक 31.03.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत अकौना में की जायेगी। निविदा के साथ ठेकेदारों/फर्मो की निविदा मूल्य की धनराशि नगद रूप में कार्यालय में जमा करते हुये उसकी रसीद के प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यो से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो आदि की जानकारी ग्राम पंचायत अकौना कार्यालय से कार्य दिवस में कभी भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न हैः–

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | गौवंश की अनुमानित संख्या | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1. | भूसा | 140 | 1000 + 180 |
| | हरा–चारा | | |
| | साइलेज | | |
| 2. | आटा–चोकर | 140 | 225 + 41 |
| | पशु–आहार | | |

नियम व शर्तेः–
1. गौवंशीय पशुओं के भरण–पोषण हेतु संख्या 01 एवं 02 में उल्लिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा अलग–अलग डाली जा सकती है।
2. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत–अकौना, विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत–अकौना, विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)


आयोजन | पिछड़ा वर्ग आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया सम्मानित

# हमीरपुर महोत्सव में तीन उद्यमी किए गए सम्मानित

संवाददाता हमीरपुर

**अमृत विचार।** हमीरपुर महोत्सव कार्यक्रम में सुमेरपुर कस्बे के उद्यमियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। सम्मानित होने वालों में बीमा कंपनी के यूनिट हेड एलबी सिंह, पीतांबरा इंडस्ट्रीज के आशीष निगम और शारदा फिलिंग स्टेशन के कुलदीप निगम शामिल रहे।


उद्यमियों को सम्मानित करतीं साध्वी निरंजन ज्योति। अमृत विचार


महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देते आल्हा गायक। अमृत विचार

कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। तीनों उद्यमियों ने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर कस्बे का नाम रोशन किया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद सभी ने आयोजकों का आभार जताया। महोत्सव के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनका उपस्थित लोगों ने भरपूर आनंद लिया। पूरे आयोजन में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

**मांडवगढ़ की लड़ाई सुनाकर बांधा समां:** बीती रात हमीरपुर महोत्सव के मंच पर आल्हा सम्राट चंद्रभान सिंह यादव भेंडी ने शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं।

हमीरपुर महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंगलवार की रात मशहूर आल्हा गायक चंद्रभान सिंह यादव ने मांडवगढ़ की लड़ाई का सुंदर वृत्तांत सुनाकर श्रोताओं को वीर रस से ओतप्रोत कर दिया। उनके साथ राजा बाबू बांदा, देशराज यादव गांगपुर फतेहपुर, विनोद यादव भौली ने संगत करके समारोह में समां बांध दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### जांच के लिए खाद्य पदार्थों के नमूने इकट्ठा किए

**चित्रकूट।** सहायक आयुक्त (खाद्य) शशांक त्रिपाठी ने बताया कि चैत्र नवरात्र पर्व पर विशेष अभियान के तहत 19 से 24 मार्च तक दुकानों मंत जांच की गई। टीम ने छह नमूने जांच के लिए इकट्ठा किए। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रत्नाकर सिंहविनय कुमार शामिल रहे।

### उप्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम

**रामनगर (चित्रकूट)।** उप्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर विकास खंड सभागार में गोष्ठी एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख गंगाधर मिश्र, बीडीओ राजेश तिवारी, एडीओ पंचायत अनुराग पांडेय ने प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। गोसेवा के जिलाध्यक्ष राजीव तिवारी, ग्राम प्रधान छीबों डा. अनिल मिश्रा आदि मौजूद रहे। लाभार्थियों को मकान की प्रतीक चिह्न चाबी देकर बधाई दी गई।

### दो बड़े बैंक बकायेदारों से वसूली

**चित्रकूट।** उप जिलाधिकारी मुहम्मद जसीम की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तहसील के दो शीर्ष बकायेदारों से क्रमश: 13 लाख व 11.61 लाख रुपये की वसूली की। एसडीएम ने बताया कि राजस्व टीम की गई घेराबंदी और विधिक दबाव के चलते क्षेत्र के दो सबसे बड़े बकायेदारों ने बकाया राशि राजकोष में जमा की।

### बाउंड्रीवाल गुणवत्तापूर्वक बनाने के निर्देश

**चित्रकूट।** मुख्य चिकित्साधीक्षक ने बताया कि जिला चिकित्सालय परिसर में बाउंड्री वाल के निर्माण के लिए 42.13 लाख रुपये के प्रस्ताव के सापेक्ष 4121725 रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इससे लगभग 230 मीटर लंबाई में बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। उधर, डीएम ने सीएमएस को निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत मानक के अनुरूप कराने के निर्देश दिए।

### बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** विकास खंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता के टाप 100 प्रतिभागी विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया है। इनकी बस को उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी राजेश कुमार मौजूद रहे। शिक्षक आलोक कुमार साहू ने बताया कि परीक्षा 20 दिसंबर 2025 को स्व. रघुवीर प्रसाद कन्या इंटर कालेज में हुई थी। भ्रमण में आलोक कुमार साहू, संतोष कुमार सिंह, रामनारायण साहू, सुरेंद्र सिंह, मनोज कुमार द्विवेदी, प्रमोद कुमार शुक्ला, कमलेश कुमार गुप्ता, विक्रम सिंह, अभिषेक सिंह चौहान, रंजना सिंह एवं रश्मि सिंह आदि मौजूद रहे।

### आरोपी गिरफ्तार, गांजा बरामद

**चित्रकूट।** कोतवाली के एसआई रामकुमार दुबे ने श्यामलाल पुत्र रामबचन राजपूत निवासी कालूपुर पाही कलारनपुरवा को 450 ग्राम सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### अवैध शराब जब्त और लहन को नष्ट किया

**चित्रकूट।** जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने मंदाकिनी नदी के किनारे ग्राम मालकाना में दबिश दी। तलाशी के दौरान लगभग 500 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। जिसे मौके पर नष्ट कर दिया गया। 35 लीटर अवैध शराब जब्त करके आबकारी के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई।

# आखिरकार शुरू हो गया बेलरी संपर्क मार्ग का निर्माण

**खबर का असर**

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** आखिरकार प्रयास रंग लाए और लंबे समय से चली आ रही समस्या का निदान होना शुरू हुआ। आकांक्षी ब्लॉक रामनगर की ग्राम पंचायत रामपुर के मजरा बेलरी के संपर्क मार्ग का निर्माण शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों ने इसके लिए मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी के साथ अमृत विचार के प्रयासों को भी सराहा।

ग्राम प्रधान रामकेश यादव ने बताया कि मार्ग को विधायक निधि से बनाया जा रहा है। आक तालाब से झुरही नदी से लगभग 200 मीटर पहले तक इंटरलाकिंग सड़क



बेलरी संपर्क मार्ग पर चलता निर्माण कार्य। अमृत विचार



बेलरी के बाशिंदों ने थक हारकर बनाया बांस-बल्ली का पुल

न सुनौ साहब, हम खुदई बना लेबै आवैजावै का रास्ता

आंदोलन भी कर चुके हैं ग्रामीण



परेशानी : झेलरी नाला उफान पर, नाव से हो रही आवाजाही

बेलरी गांव के लोगों के आखिर कब बहुरेंगे दिन, चार माह विद्यालय नहीं जा पाते बच्चे

'अमृत विचार' कर चुका है ध्यानाकर्षण

अमृत विचार पर समय समय पर प्रकाशित समाचार। अमृत विचार

● **लम्बे समय से परेशान हो रहे थे क्षेत्रीय लोग**

लगभग 17 लाख रुपये की लागत से बन गई है। अब झुरही नदी से बेलरी तक लगभग 1300 मीटर सड़क भी विधायक निधि से स्वीकृत की गई है, जिसका काम शुरू हो गया है। फिलहाल ट्रैक्टर लगाकर मिट्टी का समतलीकरण किया जा रहा है। बताया कि लगभग 70 लाख रुपये का विधायक निधि से झुरही नदी में पुल बनने के लिए प्रस्ताव सिंचाई विभाग को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही जल्द रपटा नुमा पुल बनाने का काम भी शुरू होगा।

ग्रामीणों ने जताया आभार

प्रधान रामपुर रामकेश यादव और ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क मार्ग के लिए मुकदमे तक झेले और जेल तक गए. आखिरकार विधायक ने समस्या का संज्ञान लिया और लगभग 15 वर्ष से चल रही सड़क की मांग पूरी हुई। उन्होंने कहा कि इसके लिए अमृत विचार की भी सराहना की जानी चाहिए, जिसने समय समय पर इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया।

# 'भरतदास के कृत्यों को रोकने के लिए करें हस्तक्षेप'

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा लालापुर में महंत भरतदास के आयेदिन विवादों से खिन्न हैं। उन्होंने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। पूर्व सांसद ने एसपी को भेजे पत्र में कहा है कि भरतदास ने नवरात्र के समय आसावर देवी मंदिर में मूर्ति के चारों ओर खोदकर स्थल को क्षतिग्रस्त कर दिया है। आरोप लगाया कि पुजारी और परिवार के साथ मारपीट कर ताला डाल दिया और यह आयेदिन ऐसी हरकत करते हैं। मुकदमा तो लिख लिया गया और पुजारी ने पूजा भी किसी तरह शुरू कर दी लेकिन अब आतंक और गुंडागर्दी हर हाल में रुकनी चाहिए। जब इसके विकास की योजना बनी थी तब वह सांसद थे। वाल्मीकि आश्रम व असावर मंदिर क्षेत्र का विकास किया जाएगा पर सनातन परंपरा के अनुसार पूजा व मंदिर की देखरेख परंपरागत पुजारी ही करेंगे। इन्हें ट्रस्ट की आड़ में हटाना और कब्जा करना पूरी तरह अवैधानिक है। उन्होंने एसपी से इस मामले में हस्तक्षेप करने और कार्रवाई से अवगत कराने का अनुरोध किया है।

# आशा कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर जल्दी करें चयन

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** डीएम पुलकित गर्ग ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की गतिविधियों की समीक्षा की। कहा कि आशा कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर शीघ्रातिशीघ्र चयन किया जाए।

डीएम ने कहा कि आशाओं के चयन में कोई परेशानी आ रही हो तो डीपीआरओ के साथ मिलकर प्रक्रिया पूरी की जाए। इस दौरान डीएम ने मरीजों का इलाज ठीक से करने, शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव टीकाकरण आदि के संबंध में निर्देश दिया। कहा कि एएनएम के कम होने की दशा में अतिरिक्त सत्र कराकर टीकाकरण पूरा किया जाए। बैठक के दौरान बताया गया कि क्लब फुट (हड्डियों और जोड़ों की एक ऐसी विकृति, जो नवजात शिशुओं में सामान्य रूप से पाई जाती है) के बच्चों को चिह्नित करते हुए अप्रैल 2025 से अब तक 34 बच्चों का उपचार कराया गया। जिलाधिकारी ने 100 दिवसीय क्षय रोगी खोज अभियान को और अधिक गति देने के लिए निर्देशित किया।



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में बच्चे और उसकी मां को प्रोत्साहित करते जिलाधिकारी

### कई चिकित्सकों को किया गया सम्मानित

- जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भूपेश द्विवेदी ने इस दौरान उपचारित बच्चों एवं अभिभावकों को प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ( आरबीएसके) के तहत अच्छा काम करने पर डॉ. पवन कुमार सिंह डॉ. संदीप सिंह, प्रदीप नामदेव फिजियोथेरेपिस्ट प्रदीप नामदेव व ज्योति राव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



घटना स्थल पर पहुंचीं नायब तहसीलदार पारुल सिंह। अमृत विचार

# पानी भरे नाले में गिरने से मासूम की गई जान

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** मऊ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खंडेहा के मजरा पियरिया में बुधवार सुबह एक मासूम बच्ची की पानी भरे नाले में गिरने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, गांव के संतोष कुमार कोल की 8 वर्षीया पुत्री काव्या महुआ बीनने जा रहे माता-पिता के साथ गई थी। इसी दौरान खेलते समय वह पास की पुरानी पत्थर की खदान के पास बने नाले में गिर गई जिसमें पानी भरा था। काफी देर तक बच्ची के नजर न आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। तलाश के दौरान बच्ची नाले में पड़ी मिली। परिजन उसे बाहर निकालकर अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। चौकी इंचार्ज राहुल पांडेय ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नायब तहसीलदार पारुल सिंह मौके पर पहुंचकर परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पुरानी खदान के पास इस नाले में अक्सर पानी भरा रहता है। जिससे यह आसपास के बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है।



काव्या।


**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम इरशाद पुत्र मेहदी हसन अंकित है जो कि शुद्ध व सही है। इसे विधिक – विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। इरशाद पुत्र मेहदी हसन निवासी ग्राम दाडवापुर रुरगांव कानपुर देहात

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सत्यम शर्मा (नं0 5036851M RFN/GD), पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा, वर्तमान में ग्राम कछपुरा, पोस्ट रुरुगंज, थाना बिधूना, तहसील बिधूना, जनपद औरैया के निवासी है। पूर्व में सरकारी अभिलेखों में उनका पता ग्राम मालूग्राम, पोस्ट मालूग्राम, मेला रोड, थाना सिलचर, तहसील सिलचर, जनपद कछार, पिन कोड 788002, राज्य असम अंकित था। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अब उनका वर्तमान पता ग्राम कछपुरा, पोस्ट रुरुगंज, थाना बिधूना, तहसील बिधूना, जनपद औरैया, पिन कोड 206249, राज्य उत्तर प्रदेश ही मान्य किया जाए तथा इसी पते को सेना अभिलेखों में दर्ज/संशोधित किया जाना प्रस्तावित है।

**सूचना**

मैने अपना नाम Shagun Srivastava से बदलकर Pratigya Srivastava कर लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **Shagun Srivastava D/O Lavlesh Srivastava, R/O 32, Vrindavan Vihar, Kalyanpur, Vikas Nagar, District - Lucknow, Uttar Pradesh-226022.**

**सार्वजनिक सूचना**

यह कि भूखण्ड संख्या 312 ब्लाक ई स्कीम नम्बर द्वितीय सुजातगंज (श्याम नगर) कानपुर नगर के फ्री होल्ड विलेख दि0 02/09/2005 क्र0सं0 20030 के खोने के सम्बन्ध में सार्वजनिक सूचना समाचार पत्र अमृत विचार में दिनांक 24/03/2026 को प्रकाशित करवाया था, जिसमें त्रुटिवश भूखण्ड संख्या 313 अंकित हो गया था जो कि भूखण्ड संख्या 312 है। **भारत भटनागर एडवोकेट कार्यालय – कमरा नम्बर 14 द्वितीयतल मुदगल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड कानपुर नगर, मो0 : 9839034426**

**सूचना**

मैने अपना नाम SAIRA BANO से बदलकर SAYRA BANO रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O-MOHAMMAD RAFI ADD-BASAIHIYA TOLA, LAHARPUR, DIST -SITAPUR - 261135 (U.P)**

**सूचना**

पहले मेरा नाम SHAFEEKUR RAHMAN था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHAFIKUR RAHMAN रख लिया है। अब भविष्य में मुझे SHAFIKUR RAHMAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-ABDUL HANNAN R/O, H. NO. 210, VILL BAIJPUR, POST DEVARIYA ALAWAL, GONDA**

**सूचना**

मैं KAMLESH KUMAR पुत्र GAYA PRASAD, निवासी–43, सेक्टर–जे, एलडीए कालोनी, कानपुर रोड, आशियाना, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर KAMLESH KUMAR YADAV S/O GAYA PRASAD YADAV कर लिया है, अतः आज से मुझे KAMLESH KUMAR YADAV S/O GAYA PRASAD YADAV के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

मैं GULAM SABIR RAYEEN पुत्र श्री HAJI MOHAMMAD SIDDIQUE RAYEEN, निवासी मोहल्ला–सुटहटी, अमेठी, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर GULAM SABIR S/O MOHD SIDDIQ कर लिया है, अतः आज से मुझे GULAM SABIR S/O MOHD SIDDIQ के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि कुछ जगहों पर मेरा नाम त्रुटिवश MADHURI MISRA तथा जन्मतिथि 27.11.1953 अंकित है। जबकि मेरा सही नाम MADHURI MISHRA व जन्मतिथि 27.11.1954 है। अतः भविष्य में मुझे MADHURI MISHRA व जन्मतिथि 27.11.1954 नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाये। **MADHURI MISHRA W/o RAVINDRA KUMAR MISHRA R/o 128/16 Y Block Kidwai Nagar, Kanpur.**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अनम (Anam), पत्नी आदिल जफर खान, निवासी गोरखपुर (उ.प्र.) यह घोषित करती हूँ कि विवाहोपरांत मैंने अपना नाम अनम से बदलकर अनम खान (Anam Khan) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे सभी सरकारी/गैर–सरकारी अभिलेखों, दस्तावेजों में इसी नाम से ही जाना व लिखा जाए।


## शांति और जाह्नवी ने बनाए सबसे सुंदर चित्र

**चित्रकूट।** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शांती देवी इंटर कालेज में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने चित्रों से नदियों की सफाई की प्रेरणा दी।

उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रत्युष कुमार कटियार ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि नदियों एवं वनों के संरक्षण में सक्रिय योगदान दें। नदी पुनरोद्वार एवं वातावरण को शुद्ध बनाने में सहायक है। सीओ राजापुर राजकमल ने कहा कि बुंदेलखंड में जल की बहुत बड़ी समस्या है। इसलिए हमें तालाबों, कुओं चेकडैमों, नदियों को संरक्षित करना होगा। प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने अपील की कि बच्चे परिवार एवं मुहल्ले में लोगों को जागरूक करें। जिला परियोजना अधिकारी गोपाल कृष्ण गुप्ता नेजिला गंगा समिति के कार्यक्रम के बारे में बताया। इस मौके पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता में 57 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सीनियर वर्ग में शांति देवी को प्रथम, जूनियर वर्ग में जाह्नवी पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन्हें प्रमाणपत्र दिए गए।




मुख्य अतिथि और शिक्षिकाओं के साथ बच्चे। अमृत विचार

# बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा सबका मन

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** लंदन किड्स स्कूल में बीते दिन ग्रेजुएशन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र पांडेय को निदेशक डा. अर्चना राय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डा. ओलंपिया ने किया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया और तालियों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में डॉ. पंकज मिश्रा नीलम शिखा आदि का योगदान रहा। डॉ. पांडेय ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस तरह का आयोजन मऊ क्षेत्र में पहली बार किया गया है। अंत में सभी अतिथियों व अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## लक्ष्मी बने संरक्षक हर्ष को अध्यक्ष का दायित्व

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष प्रसाद पांडेय ने बताया कि 24 मार्च को बैठक अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई खंड कार्यालय में हुई।सर्वसम्मति से पदाधिकारियों को निर्वाचित किए गए हैं। संरक्षक लक्ष्मी प्रसाद यादव, अध्यक्ष हर्ष प्रसाद पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार, महासचिव अजीमुद्दीन, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, संयुक्त सचिव ओंकार सिंह, कोषाध्यक्ष मोहम्मद नासिर को चुना गया।कार्यकारी सदस्य नीरज कुमार सिंह, रामसागर, अमित कुमार गुप्ता को बनाया गया। सदस्यों ने बताया कि आकांक्षी जनपद होने के बाद भी अधिकांश विभागों में लेखाकार के पद रिक्त हैं। एक- एक लेखाकार के पास दो से तीन विभाग का कार्यभार होने से वे अत्यधिक दबाव में कार्य कर रहे हैं। इसके संबंध में निदेशक आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग से वार्ता कर प्राथमिकता के आधार पर जनपद चित्रकूट में रिक्त पदों पर तैनाती कराने के प्रयास किए जाएंगे।

## आईटीआई की टीम ने देखे जल जीवन मिशन के काम

**चित्रकूट।** जल जीवन मिशन से लाभांन्वित विभिन्न ग्रामों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के प्रोफेसरों ने मौके पर जाकर देखा। टीम ने रामनगर में सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत खजुरिया खुर्द ग्राम पंचायत में बने जलाशय का निरीक्षण किया। गुंता डैम पर रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत विकासखण्ड मानिकपुर में मऊगुरदरी ग्राम पंचायत में मिशन की सफलता के विषय में जानकारी ली गई। अगरहुंडा ग्राम स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत जखेडी विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**

पत्रांक :–मेमो/ग्रा0पं0/गौशाला/2025–26 दिनाँक– 23 मार्च 2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतदद्वारा जनपद के समस्त भूसा/चौकर/हरा चारा/आटा चोकर / साइलेज / पशु आहार व्यवसायियों दुकानदारों एवं ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/कृषको को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जखेडी विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद हमीरपुर की गौशाला में संरक्षित गौवंशीय पशुओं के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति किये जाने के लिये सील बन्द निविदाए दिनाँक 23.03.2026 से दिनांक 30.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत जखेडी विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद–हमीरपुर में आमंत्रित की जाती है, जो उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत जखेडी में 30.03.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओ की बिक्री दिनाँक 23.03.2026 से दिनाँक 30.03.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत जखेडी में की जायेगी। निविदा के साथ ठेकेदारों/फर्मो की निविदा मूल्य की धनराशि नगद रूप में कार्यालय में जमा करते हुये उसकी रसीद के प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यो से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो आदि की जानकारी ग्राम पंचायत जखेडी कार्यालय से कार्य दिवस में कभी भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न है:–

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | गौवंश की अनुमानित संख्या | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1. | भूसा | 200 | 1000 + 180 |
| | हरा–चारा | | |
| | साइलेज | | |
| 2. | आटा–चोकर | 200 | 225 + 41 |
| | पशु–आहार | | |

नियम व शर्ते:–

1. गौवंशीय पशुओं के भरण–पोषण हेतु संख्या 01 एवं 02 में उल्लिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा अलग–अलग डाली जा सकती है।
2. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत–जखेडी**
**विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत–जखेडी**
**विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**


**धर्म–अध्यात्म**

**मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास ने कराया रामकथा का रसपान**

# रामजन्म की कथा सुन नाचने लगे श्रद्धालु, गाए बधाई गीत

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा के तत्वाधान में विद्याधाम विद्यालय प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय श्री रामकथा के छठे दिन वृंदावन के मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रद्धालु नाचने लगे। बधाई गीत भी गाए गए।

कथा से पूर्व श्री सद्गुरु सेवा संस्थान की ट्रस्टी एवं संस्थान के अध्यक्ष विशद भाई मफतलाल की धर्मपत्नी रूपल ने पूजन अर्चन किया। संत राजेंद्र दास ने बताया कि मनु और सतरूपा प्राचीन काल के आदिपुरुष और आदिनारी माने जाते हैं। उन्होंने भगवान की कठोर तपस्या की और भगवान विष्णु को प्रसन्न किया। जब भगवान नारायण प्रकट हुए तब दोनों ने वर मांगा कि वह स्वयं उनके पुत्र के रूप में जन्म लें। भगवान नारायण ने उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर वरदान दिया कि वह त्रेता युग में उनके यहां अवतार लेंगे। समय बीतने पर अयोध्या के चक्रवर्ती राजा दशरथ के यहां भगवान विष्णु ने अपने अंशों के सहित श्रीराम के रूप में जन्म लिया। श्रीराम जन्म की कथा का प्रसंग सुन सभी श्रद्धालु खुशी से नाचने लगे। महिलाओं ने बधाई गीत गाए।



मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास।



गौरव दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक में शामिल लोग। अमृत विचार

**गौरव दिवस पर एक लाख 51 हजार दीप प्रज्ज्वलित करेंगे:** सीतापुर। 27 मार्च को चित्रकूट गौरव दिवस पर सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट ने एक लाख 51हजार दीप प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य बनाया है। ट्रस्टी डा. इलेश जैन ने तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बताया कि ट्रस्ट ने पांच टीमें गठित की हैं। प्रत्येक टीम लगभग 300 सदस्य रहेंगे। बताया कि निदेशक स्व. डा. बीके जैन हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे और उनकी मंशा रहती थी कि हर काम में सद्गुरु परिवार ऐसी सहभागिता करे, जो एक मिसाल बन जाए। इसलिए हम लोगों को बड़ी ऊर्जा के साथ इस गौरव दिवस पर सहभागिता करनी है और उनके हर सपने को साकार करना है।

